CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

मेरठ, शुक्रवार 20 जून 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 19 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 23 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द शर्म आएगी: अमित शाह पेज 2



बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान पेज 2



19 साल की दिव्या देशमुख ने शतरंज में वर्ल्ड नंबर-1 को हराया खेल टाइम्स



ट्रम्प की पाकिस्तान आर्मी चीफ से बंद कमरे में मुलाकात पेज 12

### ईरान से 110 भारतीय छात्र दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजरायल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। भारत पहुंचे छात्रों ने बताया कि वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में स्थिति बहुत खराब है। युद्ध अच्छी चीज नहीं है। इंसानियत ही मारी जाती है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी एरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद गुरुवार को इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के एरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी। इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को ईरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी।

# रूस ने अमेरिका को चेताया

## कहा: ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, दखल दिया, तो होंगे गंभीर नतीजे

मास्को, वार्ता

**रूस ने गुरुवार** को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, क्योंकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका, इजरायल के साथ युद्ध में शामिल हो सकता है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हम खास तौर पर वाशिंगटन को चेतावनी देना चाहते हैं कि वह इस स्थिति में कोई सैन्य दखल न दे।

उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जिसके पूरी तरह से अनपेक्षित और नुकसानदेह नतीजे हो सकते हैं। इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ईरान पर इजरायल के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अपील की कि वे राजनयिक तरीके से यह विवाद सुलझाएं और युद्ध को रोके।



### चीन ने भी की शांति बनाए रखने की अपील, पुतिन और जिनपिंग ने इजरायल के हमलों की निंदा की

एएफपी ने चीनी समाचार एजेंसी के हवाले से कहा कि शी जिनपिंग ने कहा कि संघर्ष में शामिल पक्षों, खासकर इजरायल को तुरंत हमले बंद कर देने चाहिए, ताकि हालात और न बिगड़ें और युद्ध दूसरे क्षेत्रों में न फैले। क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों (रूस और चीन) का नजरिया एक जैसा है और दोनों ने इजरायल की कार्रवाई की कड़ी निंदा की हैं। दोनों नेताओं ने यह बात भी मानी कि पश्चिम एशिया में युद्ध -शेष पृष्ठ दो पर

### खामेनेई मॉडर्न हिटलर, उन्हें जीने का हक नहीं: इजरायल

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल ने ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई को मॉडर्न हिटलर कहा है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि खामेनेई मॉडर्न हिटलर हैं। उनके जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिये इजरायल को खत्म करना चाहा है। ईरान ने गुरुवार सुबह इजरायल के चार शहरों तेल अवीव, बीर्शेबा, रमत गण और होलोन पर 30 मिसाइलें दागीं। इनमें 7 मिसाइलों को इजरायली डिफेंस सिस्टम रोकने में नाकामयाब रहा। इसमें 176 लोग घायल हुए हैं। 6 लोगों की हालत गंभीर है। बीर्शेबा में एक अस्पताल सोरोका मेडिकल सेंटर पर मिसाइल गिरी। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान जानबूझकर इजरायली नागरिकों और अस्पतालों को निशाना बना रहा है। हम तेहरान में बैठे अत्याचारियों से इसकी -शेष पृष्ठ दो पर

# गले की फांस बना नोटों को जलाने का मसला

## खुलासा: जस्टिस वर्मा का ही था स्टोर रूम पर कब्जा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से मिले कैश केस की जांच कर रहे पैनल की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई है। इसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। यहीं 14 मार्च की रात आग लगने के बाद बड़ी संख्या में अधजले नोट मिले थे।

पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे जस्टिस वर्मा के बुरे व्यवहार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए। घटना के समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट के जज थे और अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत हैं। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ



### कैश केस- जांच पैनल का प्रस्ताव जस्टिस वर्मा को हटाएं

जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए समिति इस बात पर सहमत है कि सीजेआई के 22 मार्च के लेटर में लगाए गए आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। आरोप इतने गंभीर हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।

### कर्नाटक में 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन का मार्ग प्रशस्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक सरकार को अभिनेता से नेता बने कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर धमकी देने अथवा हिंसा का रास्ता चुनने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।


पतंजलि®

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें

योगमय भारत: स्वामी रामदेव जी का आह्वान

आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी जी के नेतृत्व में योगव्रती और स्वदेशीव्रती बनकर एक स्वस्थ, समृद्ध, समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली भारत का निर्माण करें।

पतंजलि के माध्यम से पिछले तीन दशकों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ने विश्व के 200 देशों में 200 करोड़ से अधिक लोगों को रोगमुक्ति, नशामुक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग दिखाया है। इससे न केवल लाखों करोड़ रुपये की बचत हुई, अपितु एक आध्यात्मिक, सनातन जीवन पद्धति की नींव भी रखी गई।



विश्व के सबसे बड़े योग गुरु
योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज से सीधा जुड़कर योग सीखें
आस्था LIVE प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 व रात 8:00 बजे | INDIA TV रोज सुबह 7:56 बजे



"जागरण के देवता"

देश के शीर्षस्थ संत सहित करोड़ों लोग स्वामी जी महाराज को "जागरण के देवता" के रूप में देखते हैं जिन्होंने देश भर में 25 लाख किलोमीटर की यात्रा करके दस करोड़ से अधिक लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर, एक करोड़ निःस्वार्थ एवं निष्काम सेवा करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार किए। पतंजलि के वे प्रशिक्षित योगी भाई-बहन देश के हर गांव, शहर, गली और मोहल्ले में एक लाख से अधिक योग शिविरों एवं नियमित योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर योग करने की यह क्रांति भारत को नई दिशा दे रही है।

**निःस्वार्थ भाव से मानव कल्याण का अभियान** आज पूरे देश भर में पतंजलि के 10,000 से अधिक केंद्रों और 2,500 योग्य एवं प्रशिक्षित वैद्यों के माध्यम से योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के क्षेत्र में बहुत बड़ी सेवा चल रही है। यदि इस सेवा का मूल्यांकन करें तो राष्ट्रसेवा में यह एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का योगदान है। पतंजलि का प्रत्येक प्रकल्प भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

**स्वदेशी से समृद्धि: अर्थ से परमार्थ** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी यह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। "Prosperity for Charity": पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

**भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति** 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और BSB के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभाएं।

**स्वास्थ्य क्रांति: निरोगी भारत** चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी और पतंजलि जैसे महर्षियों के ज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पतंजलि वेलनेस, योगग्राम और निरामयम् जैसे विश्वस्तरीय इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां करोड़ों लोग निरोगी और स्वस्थ हो रहे हैं। स्वामी जी का आह्वान है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं योग करे और दस लोगों को योग कराए। यदि 1% जागरूक लोग भी सुबह योग करें एवं योगमय सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं, तो भारत का हेल्थ बजट शून्य हो सकता है।

**शोध और समाधान: विज्ञान और परंपरा का संगम** पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड पतंजलि मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को ठीक कर रही हैं। 5,000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है।

**योग धर्म अब युगधर्म बने: सनातन ही समाधान है** आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता हैं। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।

**पंच महाक्रान्तियों का शंखनाद** शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने एवं आर्थिक व आध्यात्मिक भारत बनाने के लिए पतंजलि एक लाख से अधिक गौ माता की सेवा कर रहा है और गौवंश को बचाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना पर कार्यरत है।

पतंजलि के शुद्ध एवं सात्विक प्रोडक्ट्स अपनाइए,
अपने बच्चों व परिवार को मिलावट के ज़हर से बचाइए।



संक्षिप्त समाचार

## नए ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों के निस्तारण में आई तेजी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने एक जनवरी से 10 जून के बीच नए ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों की पेंडेंसी का गहन विश्लेषण किया। इस अवधि में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या एवं उनके निस्तारण की दर से स्पष्ट हुआ कि विभाग की ओर से चलाए जा रहे 'पेपरलेस, फेसलेस और कैशलेस' अभियान के सकारात्मक नतीजे दिखाई पड़ रहे हैं। समीक्षा में पता चला कि राज्य के कई जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसमें गाजियाबाद में कुल 24,115 आवेदनों में केवल 15 आवेदन ही लंबित पाए गए, जो कुल का मात्र 0.06 प्रतिशत है। प्रयागराज (आरटीओ प्रयागराज) में कुल 23,914 में से केवल 33 आवेदन लंबित पाए गए, जो कुल का मात्र 0.13 प्रतिशत है। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर में 13,523 आवे. दनों में से केवल 20 आवेदन (0.15 प्रतिशत) ही लंबित हैं।

## उमर ने वंदे भारत ट्रेन से किया सफर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को श्रीनगर से कटरा तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। अब्दुल्ला के साथ उनके सलाहकार नासिर असलम वानी भी थे। एक अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री आज सुबह नौगाम रेलवे स्टेशन से कटरा के लिए वंदे भारत ट्रेन में सवार हुए। बाद में वह जम्मू जाएंगे। इससे पहले, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और उनके पिता फारूक अब्दुल्ला भी इसी ट्रेन से कटरा गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्घाटन के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस सात जून से कश्मीर घाटी और जम्मू के कटरा शहर को बनिहाल के रास्ते जोड़ते हुए शुरू हो गयी है। यह अर्ध-हाईस्पीड ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।

# यूपी डिफेंस कॉरिडोर में सात इकाइयों ने शुरू किया संचालन

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) में सात प्रमुख रक्षा इकाइयों ने पूरी तरह संच. ालन शुरू कर दिया है।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 2018 में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा स्थापित और विकसित किया गया यह गलियारा कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में फैला हुआ है। यूपीडा की नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों ने यूपीडीआईसी में संचालन और उत्पादन प्रारम्भ कर दिया है, जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के विभिन्न नोड्स में अब तक 28 हजार 809 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिसमें लगभग 47 कंपनियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है, इनमें से अधिकांश में निर्माण कार्य शुरू हो गया है। वहीं सात प्रमुख रक्षा इकाइयों ने पूरी तरह संचालन भी आरंभ कर लिया है, जिससे यह गलियारा अत्याधु. निक निर्माण और रणनीतिक उत्कृष्टता के केंद्र रूप में उभर रहा है।

# उपचुनाव: पांच विस सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा मतदान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ केरल की नीलाम्बुर सीट पर 70.76 प्रतिशत वोट पड़े

देश के चार राज्यों गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। शाम पांच बजे केरल के नीलाम्बुर सीट पर सबसे अधिक 70.76 प्रतिशत और पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार गुजरात विधानसभा की दो तथा केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया था, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। अभी तक मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना की रिपोर्ट नहीं मिली है। आयोग के अनुसार गुजरात की विसावादार सीट पर पांच बजे तक 54.61 प्रतिशत और कड़ी सीट पर 54.49 प्रतिशत मतदान हुआ। केरल की नीलाम्बुर सीट पर 70.76 प्रतिशत, पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट पर 49.07 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर 69.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। गुजरात विधानसभा चुनाव के समय विसावादार सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को जीत मिली थी। विधायक के पाला बदलने तथा इस्तीफा देने के कारण यह सीट रिक्त हुई थी। भारतीय जनता पार्टी ने उपचुनाव में इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोंकी हुई है। कड़ी सीट भाजपा विधायक करसनभाई पंजाबभाई सोलंकी के निधन के बाद खाली थी। पार्टी ने इस सीट पर राजेंद्र चावड़ा को उतारा है, जबकि कांग्रेस ने रमेश चावड़ा और आम आदमी पार्टी ने जगदीश चावड़ा को मैदान में उतारा है। पश्चिम बंगाल में कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। राज्य की कालीगंज सीट पर उपचुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस-वाम गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार अलीक्ता अहमद, भाजपा के आशीष घोष और कांग्रेस के उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

### इनके निधन से खाली हुई थी सीट

कालीगंज विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व अलीक्ता के पिता ने एक दशक तक किया था। इस साल की शुरुआत में तृणमूल कांग्रेस के मौजूदा विधायक नसीरुद्दीन अहमद की मृत्यु के कारण यह सीट रिक्त पड़ी थी। पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन से रिक्त हुई थी। इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने उद्योगपति और राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने जीवन गुप्ता और कांग्रेस ने पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को चुनाव मैदान में उतारा है। केरल की नीलम्बुर विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान जारी है। दूरदराज और शहरी क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखी गईं, जो मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी का संकेत है। कुछ तकनीकी समस्याओं को छोड़कर चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र और शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी।

## हमारे देश की भाषाओं के बगैर हम भारतीय नहीं: गृह मंत्री

# अंग्रेजी बोलने वाले को जल्दी ही आएगी शर्म

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पूर्व आईएएस आशुतोष की पुस्तक के विमोचन पर बोले गृहमंत्री अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। उन्होंने यह बयान गुरुवार को नई दिल्ली में पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की बुक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन के मौके पर दिया।

शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा कि अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर स्वाभिमान के साथ हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे। अमृत काल के लिए पीएम मोदी ने पंच प्रण की नींव रखी है। पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ लोगों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम टॉप पर होंगे और हमारी भाषाएं इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगी। शाह ने कहा कि इन पांच प्रतिज्ञाओं में विक. सित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना शामिल है। शाह ने कहा कि देश में प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में कुछ बदलाव की जरूरत है। उन्हें शायद ही हमारी व्यवस्था में सहानुभूति लाने के लिए ट्रेंड किया जाता है। ऐसा शायद इसलिए, क्योंकि अंग्रेजों के जमाने से इस ट्रेनिंग मॉडल की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि अगर कोई शासक या प्रशासक बिना सहानुभूति के शासन करता है, तो वह शासन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता।

## सत्ता का दुरुपयोग करती है भाजपा: अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दलों और नेताओं की छवि खराब करने के लिए भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करती है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था और बिजली व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इस सरकार में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर हैं, जिसका नतीजा है कि हर विभाग में भ्रष्टाचार है। हर कार्य में लूट मची है। आम जनता की कोई सुनवाई नहीं है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का व्यवहार अलोकतांत्रिक और तानाशाही का है। लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं को वह अपने नियंत्रण में करना चाहती है। भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियां देश के उद्योग और व्यापार का नुकसान कर रही है। भाजपा-आरएसएस विपक्ष में रहने के दौरान स्वदेशी का नारा देते थे। बड़े-बड़े दावा करते थे। आरएसएस के लोग स्वदेशी अपनाने को लेकर लम्बे-लम्बे भाषण करते थे। इन लोगों ने सत्ता में आने पर ऐसी नीतियां बना दी है कि पूरा देश विदेशी सामानों से भरा पड़ा है। देश के बाजार चीनी सामानों से पटे है। अब ये स्वदेशी की बात नहीं करते है। इस सरकार की गलत नीतियों से देश के कुटीर और छोटे उद्योग बर्बाद हो गए।

# कानपुर के सीएमओ डा. नेमी को निलंबित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ डा. उदय नाथ होंगे नए सीएमओ

**लखनऊ।** कार्य में अनियमितिता के आरोप में कानपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरिदास नेमी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके स्थान पर श्रावस्ती के मौजूदा एसीएमओ डा. उदय नाथ को कानपुर भेजा गया है।

अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि कार्य में शिथिलता और अनिमियतिता बरतने के आरोप में डा. नेमी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में उन्हे कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं संबद्ध किया गया है। चिकित्सा शिक्षा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सचिव रितु महेश्वरी ने आज एक अधिसू. चना जारी कर डा. नेमी के निल. ंबन की पुष्टि की। डा. नेमी पर आरोप है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में रिक्त पदों पर की जाने वाली नियुक्तियों के संबंध में चयन प्रक्रिया के विप. रीत पदों का विज्ञापन/प्रकाशन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वेबसाइट पर नहीं कराया। इसके साथ ही उन्होंने जिला स्वास्थ्य समिति और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशों की भी अवहेलना की। उन्होने बताया कि श्रावस्ती के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. उदय नाथ को कानपुर का नया मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और डा. नेमी के बीच विवाद पिछले दिनों सुर्खियों में रहा है। डा. नेमी की पैरवी विधानसभा अध्यक्ष समेत भाजपा के तीन स्थानीय विधायकों ने की थी, जबकि उनके विरोध में भाजपा के एक विधायक सामने आए थे।



सेंसेक्स 81361.87
निफ्टी 24793.25



सोना रु. 98768
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107343
प्रति किलो



# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सतर्क संक. ेतों और मध्य.पश्चिम में जारी भू-राजनीतिक तनाव से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, आईटी, रियल्टी और सर्विसेज समेत 20 समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 82.79 अंक टूटकर 81361.87 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 18.80 अंक फिसलकर 24793.25 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.64 प्रतिशत का गोता लगाकर 44,941.19 अंक और स्मॉलकैप 1.77 प्रतिशत लुढ़ककर 52,093. 75 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4117 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3018 में बिकवाली जबकि 959 में लिवाली हुई, वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 2363 में गिरावट जबकि 516 में तेजी रही, वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई में ऑटो की 0.42 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा।

इससे कमोडिटीज 1.05, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.69, एफएमसीजी 0.42, वित्तीय सेवाएं 0.73, हेल्थकेयर 0.92, इंडस्ट्रियल्स 1.10, आईटी 1.14, दूरसंचार 1.06, यूटिलिटीज 1.61, बैंलकग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.57, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.06, धातु 1.18, तेल एवं गैस 0.82, पावर 1.24, रियल्टी 1.63, टेक 0.64, सर्विसेज 1.68 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.95 लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर भी गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23, जर्मनी का डैक्स 0.32, जापान का निक्केई 1. 02, हांगकांग का हैंगसेंग 1.99 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.79 प्रतिशत कमजोर रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 41 अंक की गिरावट लेकर 81,403.94 अंक पर खुला और भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,191.04 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से इसके थोड़ी देर बाद ही यह 81,583.94 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,444.66 अंक के मुकाबले 0.10 प्रतिशत उतरकर 81361.87 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी नौ अंक फिसलकर 24,803.25 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 24,733.40 अंक के निचले, जबकि 24,863.10 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,812.05 अंक की तुलना में 0.08 प्रतिशत गिरकर 24,793.25 अंक पर बंद हुआ।

## सोने का भाव 686 गिरकर 98,768 पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 686 गिरकर 98,768 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,454 पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई है। चांदी की कीमत भी 2,069 गिरकर 1,07,343 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,09,412 पर बंद हुई थी। नई दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,210 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,800, मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है, जबकि कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,080 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,650 है।

# उठाव कमजोर रहने से जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे

विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4077 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट की गिरावट के साथ 54.78 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5700- 5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16849 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 15751 रुपए, सोया रिफाइंड 13919 रुपए, पाम ऑयल 13000 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रूस ने...**

रोकना फिलहाल सबसे बड़ी प्राथमिकता है। शिन्हुआ के मुताबिक, शी जिनपिंग ने कहा कि संघर्ष विराम और हमलों को रोकना सबसे जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय विवादों को हल करने का सही तरीका हथियार नहीं, बातचीत है। पुतिन और जिनपिंग की यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। इजरायल और ईरान के बीच सैन्य झड़पें लगातार बढ़ रही हैं। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने पहली बार सार्वजनिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई को खत्म करने की धमकी दी। अब तक चले इस संघर्ष के दौरान उनकी ओर से यह सबसे सख्त बयान माना जा रहा है। काट्ज ने तेल अवीव के पास होलोन शहर में एएफपी से बातचीत में कहा कि खामेनेई खुले तौर पर कहते हैं कि वह इजरायल का खात्मा चाहते हैं। वह खुद अस्पतालों पर हमला करने का आदेश देते हैं। इजरायल को मिटाना उनके लिए एक लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे इंसान को अब और जीने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

**खामेनेई...** पूरी कीमत वसूलेंगे। ईरान और इजरायल के बीच जंग सातवें दिन में पहुंच गई है। अब तक इजरायल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वाशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने भी ईरान में अराक हैवी वाटर रिएक्टर पर हमला किया। हमले के बाद हुए नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। हमले से कुछ घंटे पहले ही इजरायली सेना (आईडीएफ) ने अराक और खोंडब शहर के लोगों को इलाका खाली करने की चेता. वनी दी थी। अराक में हैवी वाटर रिएक्टर है। यह फैसिलिटी ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है। इसके साथ ही अराक में बड़े पैमाने पर हथियारों का उत्पादन होता है।

## डीपीआईआईटी ने किया योर स्टोरी मीडिया से करार

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने देश में समावेशी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने और स्टार्टअप वातावरण को मजबूत करने के लिए निजी डिजिटल प्लेटफॉर्म, योर स्टोरी मीडिया प्रा. लि. के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार डीपीआईआईटी के उप सचिव राजेश कुमार और योर स्टोरी और द भारत प्रोजेक्ट की संस्थापक और सीईओ श्रद्धा शर्मा ने यहां दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह भागीदारी छोटे और मझोले दर्जे के शहरों में उभरती प्रतिभाओं का सहयोग करने के डीपीआईआईटी के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही होनी चाहिए

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बजट उपयोग की लैंगिक समीक्षा का आह्वान करते हुए कहा है कि इसके लिए राष्ट्रीय लक्ष्य, राज्य की प्राथमिकता और स्थानीय आवश्यकता के बीच परस्पर ताल-मेल होना चाहिए और पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही होनी चाहिए।

अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को यहां लैंगिक बजट पर एक परामर्श कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों एवं विभागों के सहयोगियों को योजनाओं की समीक्षा लैंगिक दृष्टिकोण से करनी चाहिए। योजनाओं का लाभ महिलाओं तक अधिक प्रभावी रूप से पहुंचाने के तौर तरीकों की पहचान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में स्पष्ट लैंगिक परिणाम संकेतक शामिल किए जाने चाहिए और लैंगिक बजट को अपनी दीर्घकालीन नियोजन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लैंगिक बजट के महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के लिए राज्य स्तर पर सभी पक्षों और विशेषज्ञों के साथ परामर्श शुरू करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लैंगिक बजट के निर्धारण और व्यय में राष्ट्रीय लक्ष्य, राज्य की प्राथमिकता और स्थानीय आवश्यकता के बीच परस्पर ताल-मेल होना चाहिए और संबंधित आंकड़ों में पारदर्शिता एवं विश्लेषण में जवाबदेही तय होनी चाहिए। सभी पक्षों को लैंगिक कार्रवाई की प्रतिबद्धता व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि साझेदारी को मजबूत करने, क्षमता में निवेश करने और अपने सफल मॉडल को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए निवेश किया जाता है तो प्रगति, समृद्धि और अधिक न्यायसंगत और समतापूर्ण समाज के लिए निवेश किया जाता है। सरकार के महिला नेतृत्व में विकास के संकल्प का उल्लेख करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने एक ऐसे भविष्य की नींव रखी है, जहां महिलाएं अब सिर्फ भागीदार नहीं हैं, बल्कि वे नेता, नवप्रवर्तक, संरक्षक और उद्यमी हैं। अंतरिक्ष मिशन से लेकर जमीनी स्तर के शासन तक, रसोई से लेकर बोर्डरूम तक, नारी शक्ति पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एनसीआरटीसी ने नमो भारत कॉरिडोर पर अवैध पोस्टर और ब्रांडिंग के खिलाफ चलाया अभियान

## 300 से अधिक पिलर्स से हटाए अवैध पोस्टर, लोगों को भेजे नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन एनसीआरटीसी ने नमो भारत कॉरिडोर के पिलर्स और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को दूषित करने और अवैध प्रचार सामग्री चिपकाने वालों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया है। अब इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों और संस्थानों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एनसीआरटीसी द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत गाजियाबाद में नमो भारत कॉरिडोर के 300 से अधिक पिलर्स से अवैध पोस्टर, बैनर और अन्य प्रचार सामग्री हटाई जा चुकी है। और अब यह अभियान कॉरिडोर के अन्य हिस्सों में भी विस्तारित किया जा रहा है। यह अभियान इस कॉरिडर की स्वच्छता, संरचनात्मक सुंदरता और सार्वजनिक गरिमा को बनाए रखने की दिशा में एनसीआरटीसी द्वारा उठाया गया एक अहम कदम है। एनसीआरटीसी की यह संपत्तियां सार्वजनिक संपत्तियां हैं, और उन पर किसी भी प्रकार का अवैध पोस्टर चिपकाना, दीवारों को गंदा करना या सार्वजानिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, न सिर्फ एक सार्वजनिक अपराध है, बल्कि यह एक दंडनीय कानूनी अपराध भी है। इन गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के अनुसार जुर्माना लगाया जा सकता है या अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।



इसके साथ ही जिन व्यक्तियों और संस्थानों द्वारा यह अवैध प्रचार किया गया है, उन्हें चिन्हित कर कानूनी नोटिस भी भेजे जा रहे हैं। यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी। एनसीआरटीसी सभी नागरिकों से यह अपील करता है कि वे इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें। पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर किसी एक संस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा पूंजी होती है, और इसे स्वच्छ और संरक्षित रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। एनसीआरटीसी का उद्देश्य न केवल यात्रियों को अत्याधुनिक और सुरक्षित परिवहन सेवाएं देना है, बल्कि एक स्वच्छ, सुंदर और सम्मानजनक सार्वजनिक परिवेश भी सुनिश्चित करना है। इस दिशा में, आम जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

# डीएम ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में एक करोड़ रुपये से बड़ी निर्माण परियोजनाओं की प्रगति, विकास कार्यों की प्रगति तथा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम्य विकास विभाग ग्रामीण अभियंत्रण, उ.प्र. राज्य सेतु निगम, विद्युत विभाग, जल निगम, कारागार विभाग, सिंचाई विभाग, यूपीसिडको, लोक निर्माण विभाग, दुग्ध विकास विभाग, चिकित्सा शिक्षा, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों यथा-राजकीय इंटर कालेज माछरा, थाना सरूरपुर में हास्टल, पुलिस लाईन में बहुउद्देशीय आडिटोरियम का निर्माण के बारे में वार्ता की गई।

# वार्डन ने छात्रों को पीटा, वीडियो वायरल

## गुस्साए छात्रों ने कुलसचिव से मिलकर एफआईआर दर्ज कराने की रखी मांग

■ इस मामले में सीसीएसयू की जांच समिति रिपोर्ट नहीं कर रही है उजागर: शान मोहम्मद



कुलसचिव के नाम वार्डन के खिलाफ ज्ञापन सौंपते सीसीएसयू के गुस्साएं छात्र।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैलाश प्रकाश हॉस्टल में वार्डन डी.के. चौहान द्वारा छात्रों को डंडों से मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसको लेकर छात्र नेता शान मोहम्मद ने कुल सचिव को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि डीके चौहान जो कि अब असिस्टेंट प्रॉक्टर के पद पर नियुक्त है उन्होंने छात्रों के साथ बदसलूकी करते हुए डंडे से मारपीट की है यह घटना 29 मई की है जिसकी शिकायत भी की जा चुकी है सीसीएसयू द्वारा जांच समिति भी बनाई गई लेकिन अभी तक कोई जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है उन्होंने इस मामले में वार्डन पर एफआईआर दर्ज करना और जांच समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की है। उनका कहना था कि छात्रों को डंडों से मारपीट करने के मामले में अन्य छात्र काफी भयभीत है वार्डन डीके चौहान को तत्काल निलंबित किया जाए। गुस्साएं छात्रों ने कहा कि वायरल वीडियों में साफ वार्डन की करतूत नजर आ रही है। उसके बाद भी जांच समिति अपनी रिपोर्ट देने में क्यों डर रही है यह भी जांच का विषय बना हुआ है।

# टोल कर्मचारियों को आग बुझाने की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को वेस्टर्न यूपी टोल प्लाजा की टीम ने प्रोजेक्ट हेड सुहैब खान के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों को आग बुझाने और उपकरण चलाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी में कभी भी सड़क पर हादसा हो सकता है उसके लिए सावधानी बहुत जरूरी है और कर्मचारियों को जानकारी होनी चाहिए कैसे आग पर काबू पाया जा सके। इस दौरान एवीपी मेंटेनेंस ब्रिजेश सिंह, अश्वनी चौहान, मनिंदर विहान, शिवा कुमार, राणा प्रताप सिंह, आलोक पांडे, ओंकार सिंह, मुकेश तिवारी, प्रमोद चौहान, अश्वनी चौधरी, शशिकांत शर्मा अमित मलिक, अमित राठी, रवींद्र कुमार, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाने पहुंचा प्रेमी युगल

# कप्तान ऑफिस पर परिजनों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को एसएसपी कार्यालय पर एक पारिवारिक मामला सामने आया है जिसमें पीड़िता अर्शी जमाली पुत्री रिफत जमाली थाना देहली गेट क्षेत्र के पूर्वा अहमदनगर के रहने वाली है उसने अपनी मर्जी से पास के रहने वाले युवक से निकाह किया यह निकाह 1 दिसंबर 2018 को किया गया है उसके बाद कोर्ट द्वारा निकाह का पंजीकरण भी कराया पीड़िता का आरोप है कि लड़की के परिवार वाले उसकी हस्ती खेलती जिंदगी में दखल दे रहे हैं अब अपने पति के साथ रह रही है उसने कप्तान से सुरक्षा की गुहार लगाई है।



उसका कहना है कि वह बालिग है और अपने फैसले खुद कर सकती है और यह फैसला भी उसने होशियारी से किया है। इस दौरान जब पति-पत्नी को एसएसपी कार्यालय पर लड़की के घर वालों ने देखा तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करने का प्रयास किया लेकिन चंद ही मिनट में पुलिस दोनों को अपने साथ थाने ले गई। काफी देर कप्तान ऑफिस पर हंगामा होता रहा।

# 26 जून को तहसील मुख्यालय पर होगी बाकीदार-फर्म की नीलामी: तहसीलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसीलदार मेरठ ने बताया कि उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा सिटी, गौतमबुद्धनगर के बाकीदार फर्म मै. गोंडसेन्ड डवलपर्स प्रा.लि., स्थाई पता सी-2 आदर्श नगर मेरठ, स्थलीय पता श्रीधाम अपार्टमेंट रोहटा रोड मेरठ के विरूद्ध बकाया अंकन 29,93,920 रूपये व अन्य की वसूली के सम्बन्ध में बाकीदार-फर्म की अचल सम्पत्ति 517, श्री धाम अपार्टमेंट, रोहटा रोड मेरठ को 26 जून तहसील मुख्यालय पर प्रात: 11:30 बजे नीलाम किया जायेगा। अत: इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक, समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी का लाभ उठा सकते है। नीलामी के संबंध में कोई भी जानकारी किसी भी कार्यदिवस में तहसील मुख्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सबसे अधिक बोलीदाता के नाम से नीलामी छोड़ी जायेगी। नीलाम धनराशि का 1/4 भाग तुरन्त जमा करना होगा तथा शेष 3/4 भाग 15 दिन के अन्दर जमा करना होगा। नीलाम स्वीकृत अस्वीकृत का अधिकार उनका होगा। अचल सम्पत्ति नीलाम क्रेता उच्च बोलीदाता को दिलाया जायेगा।

# महिलाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** महिलाओं व बेटियों के साथ बढ़ती अपराधिक घटनाओ को लेकर गुरुवार को कस्बे के बातनौर मार्ग पर स्थित मंडप में महिला मानवाधिकार ट्रस्ट के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित गोष्ठी का संचालन गौतम कुमार आर्य ने किया।

ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट सतीश चंद मावी ने महिलाओं को एकत्रित करके उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए वं उनके साथ छेड़छाड़ की घटना व भ्रूणहत्या के खिलाफ व शिक्षित बनाने और घरेलू हिंसा तथा नशा मुक्त हो भारत और महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए अभियान का शुभारंभ किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान में क्षेत्र के गांव-गांव में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर ट्रस्ट की महिला कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथियों ने ट्रस्ट का प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया है। इस मौके पर ट्रस्ट की रीनू यादव, राधा सैनी जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, पिंकी उपाध्याय ब्लाक अध्यक्ष, रजनी जिला अध्यक्ष अनुसूचित, मंडल प्रभारी ललिता पंवार, हस्तिनापुर ब्लाक अध्यक्ष मोनिका चौहान, मवाना ब्लाक अध्यक्ष रहमतुनिशा, सोनिया, रजनी, रेखा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, राष्ट्रीय संरक्षक विजयपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम कुमार आर्य, कृष्ण पाल चपराना, जयवीर यादव सहित क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवो व जनपद बागपत, हापुड़, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद आदि जनपदों से महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

# शिक्षण संस्थानों में चलाया जाएगा नशा विरोधी जन जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को बताया कि मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय विरोधी दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश के शिक्षण संस्थानों, शासकीय एवं निजी गैर संस्थानों के साथ-साथ अन्य सामाजिक स्थलों पर 1 जून से 26 जून तक विभिन्न माध्यमों से सोशल मीडिया को शामिल करते हुए नशा विरोधी जन जागरूकता कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होने निर्देशित किया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों में चलेगा।

## कॉन्टिनेंटल टायर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों का मामला

# सरधना विधायक अतुल प्रधान धरने में हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मोदीपुरम स्थित कॉन्टिनेंटल टायर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कंपनी ने काम कर रहे 274 कर्मचारियों को नौकरी से हटाने का नोटिस जारी कर दिया था जिसका विरोध कर्मचारियों ने बुधवार को कमिश्नरी चौराहे पर किया था। वहीं गुरुवार को सरधना विधायक अतुल प्रधान भी उनके धरने में शामिल हो गये। अतुल प्रधान ने कहा कि कंपनी का यह कदम गलत है कंपनी ने कर्मचारियों को धोखा दिया है। कर्मचारियों की नाराजगी जायज है। इस बीच कर्मचारियों ने कहा कि यह कंपनी जर्मन की एक कंपनी से 2013 में समझौते के आधार पर टायर बनाती थी इसके संरक्षक कुलदीप ने 274 कर्मचारियों के भविष्य के खिलवाड़ किया है जब उनसे इस बात की जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि वह बस और ट्रक के टायरों को बनाना बंद कर रहे हैं इसलिए इन कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। कॉन्टिनेंटल टायर्स इंडिया कंपनी ने जर्मन के अंग्रेजों से उनके 60 साल का वेतन पहले ही हड़प कर लिया है अब कर्मचारी सड़कों पर आ गए हैं और वह कभी भी गलत कदम उठाने पर उतारू हो जाएंगे। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें कंपनी ने केवल 10 लाख रुपए मुआवजा दिया है जबकि जर्मन में बैठे मलिक ने जब उनकी जॉइनिंग कराई थी तो उनको 60 साल की उम्र तक का एक से डेढ़ करोड़ का मुआवजा देने के लिए हस्ताक्षर कराये थे। कंपनी में काम कर रहे अधिकतर लोग ऐसे हैं जिनकी उम्र 40 से 45 और 45 से 50 हो गई है अब उनके बच्चों की शादी होनी है जिसके लिए उन्हें पूरा मुआवजा न देकर कंपनी उनसे एक से डेढ़ करोड़ रुपए के वाउचर पर सिग्नेचर करा रही है जो की पूरी तरह गलत है। सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि कंपनी ने उनके साथ सौतेला व्यवहार किया है। वह इस दुख की घड़ी में उनके साथ हैं।



धरने में शामिल अतुल प्रधान कर्मचारियों को आश्वासन देते।

# कांग्रेसियों ने फल वितरित कर मनाया राहुल का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मौहल्ला शहीद भगत सिंह बंजारा मलिन बस्ती में पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फल वितरण किया।

जिलाध्यक्ष गौरव भाटी ने कहा कि गरीबों व मजलूमों की आवाज बिना किसी भेदभाव के राहुल गांधी संसद व संसद के बाहर बराबर उठा रहे हैं। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। इस दौरान सैय्यद रेहानुद्दीन पूर्व प्रत्याशी सरधना विधानसभा, अब्दुस समद पूर्व चेयरमैन, सैय्यद आमिर रजा, अली मसूद, इमरान सैफी, सोनू बंजारा, गजे सिंह, इकरामुद्दीन सैफी, तालिब रिजवी, रजाउदीन रिजवी, फरहान रिजवी, रिहान मंसूरी, रहीम बंजारा, नवाबु बाबू सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

# आज से 10 जुलाई तक होगा खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण माह-जून 2025 में 20 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 के मध्य नि:शुल्क वितरण कराए जाने के निर्देश निर्गत किये गये है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत जनपद में अन्त्योदय अन्न योजना के समस्त राशनकार्डो पर प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेहू व 21 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल कुल 35 किग्रा. खाद्यान्न एंव पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्ड धारको लाभार्थियों को 2.0 क्रिग्रा0 गेहूँ एंव 3.0 किग्रा0 फोटिर्फाइड चावल कुल पांच किग्रा. खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा।

# महान लेखक वे होते हैं जो साहित्य को जीवन और समाज से जोड़कर लिखते हैं: प्रो. इर्तजा करीम

■ सीसीएसयू के उर्दू विभाग में उत्तर आधुनिकतावाद और उर्दू साहित्य विषय पर हुआ ऑनलाइन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किसी भी आंदोलन के स्वरूप के कई उद्देश्य और लक्ष्य होते हैं। पश्चिमी देशों में उत्तर आधुनिकता खत्म हो चुकी है। जब कोई लेखक कोई लेखन या आंदोलन सामने लाता है तो उसका आंदोलन खत्म हो जाता है। वह साहित्य साहित्य नहीं हो सकता, जिसमें बहुआयामीता न हो। आधुनिकता ने चेहराविहीनता की ओर इशारा किया है।

किसी प्रतिष्ठित विद्वान या बुद्धिवादी ने जो कुछ भी लिखा है उसे उत्तर आधुनिकता कहा जा सकता है। महान लेखक वे होते हैं, जो साहित्य को जीवन और समाज से जोड़कर लिखते हैं। इंतिजार हुसैन की कहानियों में हमें आधुनिकता नजर आती है। यह शब्द प्रसिद्ध आलोचक प्रोफेसर इर्तजा करीम (पूर्व अध्यक्ष, उर्दू विभाग डीयू) के थे, जो आयुसा और उर्दू विभाग द्वारा आयोजित उत्तर आधुनिकतावाद और उर्दू साहित्य विषय पर विशेष अतिथि के रूप में अपना भाषण दे रहे थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुहम्मद नदीम द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सगीर अफाहीम ने की। डॉ. मुश्ताक सदफ उर्दू विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। लखनऊ से आयुसा की अध्यक्ष प्रोफेसर रेशमा परवीन विशेष वक्ता के रूप में कार्यक्रम में मौजूद थीं। संचालन शोध छात्र सैयदा मरियम इलाही ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. इरशाद स्यानवी ने किया। इस अवसर पर विषय प्रवेश कराते हुए प्रोफेसर असलम जमशेदपुरी ने कहा कि आज का विषय भी बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में उत्तर आधुनिकतावाद को लाने का श्रेय प्रोफेसर गोपीचंद नारंग को है। इस अवसर पर डॉ. अल्ताफ अंजुम, आमरीन नाज और सैयदा मरियम इलाही ने उत्तर आधुनिकता और उर्दू पर अपने लेख प्रस्तुत किए।

# भाजपा नेता का भतीजा विशेष सम्प्रदाय की किशोरी को लेकर फरार

■ मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

■ ग्रामीणों ने अनुसार कहीं गांव की शांति को न लग जाए पलीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव अमरोली उर्फ बड़ा गांव से बीती रात विशेष संप्रदाय की एक नाबालिग लड़की को दबंग युवक बहका फुसलाकर भगा ले गया। गांव में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बन रही है। इस संबंध में एक भाजपा नेता के भतीजे को नामजद करते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम अमरोली ऊर्फ बड़ा गांव में रहने वाले अल्पसंख्यक परिवार की एक नाबालिग लड़की को रात के समय गांव का एक दबंग युवक बहका फुसलाकर भगा ले गया। यह घटना रात करीब एक बजे की बताई जा रही हैं। परिजनों को घटना की जानकारी होने पर यह खबर पूरे गांव में फैल गई। किशोरी के परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी। थाने पर सम्प्रदाय विशेष के लोग पीड़ित परिवार के साथ थाने पहुंच गए। उन्होंने लड़की की बरामदगी की मांग की। घटना के संबंध में पीड़ित परिवार ने बताया कि किशोरी को भाजपा नेता का भतीजा बहका फुसलाकर भगा ले गया है। घटना को लेकर गांव में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर भाजपा नेता के भतीजे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शाहरुख खान ने पुलिस पर कर दी फायरिंग, मुठभेड़ में पुलिस ने किया लंगड़ा

## यात्री का थैला काटकर चांदी चोरी करने वाले बदमाश से हुई मुठभेड़

■ तीन साथियों को भी पुलिस ने दबोचा

■ भैंसाली बस अड्डे पर की थी घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना सदर बाजार पुलिस ने यात्री का थैला काटकर चांदी चोरी करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में उसे घायल करके उसके तीन साथी भी अरेस्ट किए गए। आरोपी के कब्जे से 1.260 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है।

पुलिस ने बताया कि दर्शन लाल कपूर पुत्र सुन्दर लाल कपूर निवासी मोहल्ला धर्मपुरा थाना कोतवाली शामली 17 जून को शामली से मेरठ आ रहे थे। भैसाली बस स्टैण्ड पहुंचने पर अज्ञात चोर द्वारा उनका बैग काट लिया गया। बैग में रखे 2 किलो 250 ग्राम कच्ची चांदी व 15 ग्राम कच्चा सोना चोरी कर लिया गया। जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा आसिफ पुत्र सईद उर्फ सईउद्दीन निवासी फिरोजनगर जाली वाली गली थाना लिसाड़ीगेट, शाहरुख खान पुत्र अनवर निवासी नई बस्ती टावर वाली गली लावड़ थाना इंचोली व सलमान पुत्र अलीमुद्दीन निवासी तारापुरी गली नं. छह थाना लिसाड़ी गेट को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान तीनों ने चोरी गए माल को कैंट रेलवे स्टेशन के पास छिपाना बताया। माल को बरामदगी के लिए बताये स्थान पर ले जाया गया। बरामदगी के दौरान शाहरुख एक दरोगा की पिस्टल छीनकर भाग गया। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करने पर शाहरुख ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में शाहरुख पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 1.25 किलोग्राम चांदी बरामद हुई है। घायल को उपचार के लिए पीएल शर्मा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जिम से लौटते समय भाजपा पार्षद की हार्ट अटैक से मौत

■ गगनदीप निर्दलीय लड़कर जीते थे चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा पार्षद की हार्टअटैक से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह गुरुवार को जिम गए थे। सुबह 7 बजे जब घर आ रहे थे, तभी रास्ते में उन्हें अटैक पड़ा और वह जमीन पर गिर गए।

लोग उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका सूरजकुंड में अंतिम संस्कार किया गया। पार्षद गगनदीप गौतम वार्ड 67 कैलाशपुरी से पार्षद थे। नगर निगम चुनाव में उन्होंने भाजपा नेत्री मीनल गौतम को चुनाव हराकर जीत हासिल की थी। गगनदीप ने निर्दलीय चुनाव लड़कर मीनल को हराया था। इसके बाद 2024 के चुनाव में उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली थी। बताया जा रहा है कि गगनदीप गौतम इस चुनाव से पहले दो बार कांग्रेस के टिकट पर इसी वार्ड से चुनाव लड़े थे और हार गए थे। गगनदीप के एक छोटी बच्ची है। जो पहली क्लास में पढ़ती है। पार्षद की मौत हार्टअटैक से हुई है, लेकिन कहां हुई। ये अभी स्पष्ट नहीं हो रहा। घरवाले अभी कुछ भी बताने की हालत में नहीं हैं। आस पड़ोस के लोगों और भाजपा नेताओं को भी क्लियर नहीं है। कुछ लोगों ने बताया कि गगनदीप सुबह जिम गए थे, वहां से लौटते वक्त रास्ते में दिल का दौरा पड़ा और मौत हो गई। कुछ लोगों ने बताया कि रात को अचानक एक बजे तबियत बिगड़ी और अटैक आया, परिजन जब तक अस्पताल ले जाते, तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि गगनदीप सुबह जिम के लिए उठे तो कुछ भारीपन लग रहा था। उसे तबियत सही नहीं लगी। इसके बाद वो पास के ही मेडिकल स्टोर में अपने दोस्त प्रवीण अरोड़ा के पास गया। वहां दोस्त से सब बताया तो उसने कहा कि डाक्टर से चैकअप करा लो। गगनदीप ने न्यूटिमा अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# तीन जुलाई को तहसील मुख्यालय पर होगी मत्स्य पट्टे की नीलामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसीलदार नीलाम अधिकारी ने बताया कि छह ग्रामो में मत्स्य पालन हेतु तालाब पोखर मीनाशय एवं जल प्राणियों के 10 वर्षीय आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियो के मध्य तहसील मुख्यालय मेरठ पर तीन जुलाई को प्रात: 10 बजे से अपरान्ह दो बजे तक नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। नीलामी के संबंध में शर्ते तहसील मेरठ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

# त्रिपुर ने बनवाए थे लोहे, चांदी और सोने के नगर: प्रो. त्रिपाठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मयूर विहार में अपने आवास पर प्रो. सुधाकराचार्य त्रिपाठी ने गुरुवार की कथा को असुर त्रिपुर की कथा से प्रारम्भ किया, जिसने लोहे, चांदी और सोने के तीन नगर बनवाए थे। भगवान् शिव ने देवताओं का रथ बनाकर चन्द्र और सूर्य पर पैर रखकर एक ही शर से त्रिपुर का विध्वंस किया। उसी वंश में विरोचन हुए। समुद्रमन्थन हुआ। अदिति ने कश्यप से सन्तान हेतु प्रार्थना की। कश्यप ने पयोव्रत विधान बताया, फलस्वरूप वामन का अवतार हुआ। अगले कल्प में सत्यव्रत श्राद्धदेव को शफरी की प्राप्ति हुई। इससे कृतमालानदी तीर्थ बना। दक्षिण भारत में यह नदी माला के रूप में घूमकर प्रपात बनाती है। चौथे मन्वन्तर में इक्ष्वाकु वंश के मान्धाता और युवनाश्व आदि प्रतापी राजा हुए और प्रतिष्ठानपुर प्रयाग तीर्थ हुआ। सौभरि ऋषि से सौभरि तीर्थ बना, जो गंगायमुना के संगम पर स्थित था। नागकन्या नर्मदा और पुरुकुत्स की कथा में सर्प और वृश्चिक आदि के विषनिवारण मन्त्र का उल्लेख हुआ।

# मकान की छत गिरने से मां व दो बेटे घायल, एक का हाथ टूटा

## क्षेत्रीय विधायक से आर्थिक मदद की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार की देर रात जानी थाना क्षेत्र के गांव में एक जर्जर हालत में मकान अचानक गिर पड़ा जिसमें वहां सो रहे मां-बेटे सहित घायल हो गए और एक बेटे का हाथ टूट गया। वहीं परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल था गांव वालों ने किसी तरह उनको बचाया। सूत्रों के अनुसार जानी के गांव जोहरा में ब्रह्म सिंह के दो बेटे अर्जुन और बादल और अपनी मां सुमन के साथ आंगन में सो रहे थे तभी अचानक उनके बाहर आंगन की छत गिर पड़ी। जैसे ही मकान की छत गिरी चीख पुकार मच गई। तभी मोहल्ले वाले आ पहुंचे। देखा तो कढ़ी और छत के निचे दबे थे और बुरी तरह घायल हो गए। बादल की हाथ की हड्डी टूट गई और अर्जुन और उसकी मां बुरी तरह घायल हो गई। ब्रह्म सिंह बाहर सोया हुआ था इसलिए वह बच गया। गांव वालों ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि ब्रह्म सिंह बहुत गरीब व्यक्ति है। गांव वालों ने क्षेत्रीय विधायक से आर्थिक मदद की मांग की है।



## बारिश के दौरान कच्चा मकान गिरा दंपति समेत आठ सदस्य घायल

**बरेली।** थाना आंवला क्षेत्र में बुधवार रात बारिश के दौरान हादसा हो गया। रामनगर चौकी क्षेत्र के गांव भीमलौर में रात करीब 12 बजे चंद्रपाल का कच्चा मकान अचानक से भरभरा गिर गया। जिसके मलबे के नीचे दबकर दंपती समेत परिवार के आठ लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक गांव भीमलौर निवासी चंद्रपाल (45 वर्ष) व उनके परिवार के सदस्य कच्चे मकान में सो रहे थे। रात करीब 12 बजे बारिश के दौरान उनका पूरा मकान गिर गया। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सीओ ने झारखंडी मंदिर का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम आसिफाबाद स्थित झारखंडी मंदिर का श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर सीओ सदर देहात व थाना प्रभारी ने पुलिस स्टाफ के साथ निरीक्षण किया। सीओ सदर देहात शिव प्रताप सिंह ने बताया कि कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है तथा कावड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराना ही उनका उद्देश्य है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि आसिफाबाद झारखंडी मंदिर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाता है जिसकी व्यवस्था मंदिर कमेटी ही करती है। कमेटी से विचार विमर्श करते हुए पुलिस पिकेट की तैनाती व् अन्य सुविधाओं पर विचार विमर्श किया गया। वहीं दूर दराज से कांवड़िया गंग नहर पटरी से होकर गुजरते हैं उसका भी निरीक्षण किया गया तथा जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे तथा जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात किया जाएगा जिससे कांवड़ियों को कोई दिक्कत परेशानी ना हो।



## हत्या के मुकदमे में वांछित 10 हजारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हत्या में वांछित चल रहे दस हजारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना सरधना पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली।

कोतवाली सरधना के प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि विनोद, सुबोध, रवि पुत्रगण कालू, अशोक पुत्र बुद्ध सिंह, नरेन्द्र उर्फ लाला पुत्र जगरूप, मन्टू उर्फ हरपाल पुत्र बुद्ध सिंह, आकाश पुत्र सतीश, शेर सिंह पुत्र हरपाल, आकाश पुत्र अशोक, दीपक सिंह पुत्र भवी सिंह एवं दुष्यन्त पुत्र शक्ति समस्त निवासीगण ग्राम बपारसी द्वारा एक राय होकर, हाथों में राड, सरिया, फरसे व बलकटी लेकर गाली गलौज करते हुए दीपक पुत्र सुरेश के घर हमला बोल दिया था। उसके पिता सुरेश, भाई कृष्ण, ताऊ सुरेन्द्र व ताऊ के पुत्र रोहित के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया था, जिसमें सुरेन्द्र को काफी गंभीर चोटे आयी थी, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान सुरेन्द्र की मृत्यु हो गई थी। दीपक की ओर से धारा 147, 148, 149, 452, 323, 504, 506, 307, 302 में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमा में गिरफ्तारी न होने पर नरेन्द्र उर्फ लाला के विरूद्ध धारा 82/83 द.प्र.सं. की कार्रवाई अमल में लाई गयी। नरेन्द्र उर्फ लाला लगातार करीब 04 वर्षों से फरार चल रहा था। नरेन्द्र उर्फ लाला की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी द्वारा 10 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। बताया कि थाना सरधना पुलिस व स्वाट टीम द्वारा ईनामी नरेन्द्र को मेरठ-करनाल हाईवे ग्राम बपारसी पानी के टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया।

# कल किठौर पहुंचेंगे जयंत चौधरी

- बीते दिनों रालोद जिलाध्यक्ष मतलूब गौड़ के दो भाइयों का बीमारी के चलते हुआ था निधन
- शनिवार को किठौर स्थित आवास पर पहुँच कर श्रद्धांजलि करेंगे अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) अंतर्गत राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्यमंत्री भारत सरकार चौधरी जयंत सिंह सरधना चर्च पहुंचेंगे और सरधना चर्च में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस बार योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ यानि 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए' की थीम पर मनाया जा रहा है। जिसमें इस बार चौधरी जयंत सिंह द्वारा मेरठ जनपद की सरधना विधानसभा अंतर्गत सरधना चर्च को चुना है जिसमें वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। सरधना चर्च, जिसे बेसिलिका ऑफ आवर लेडी ऑफ ग्रेसेस के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐतिहासिक चर्च है। इसका निर्माण बेगम समरू ने 1822 में करवाया था। यह चर्च अपनी वास्तुकला और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है।



योग के पश्चात चौधरी जयंत सिंह राष्ट्रीय लोकदल जनपद मेरठ जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ के आवास कस्बा किठौर में पहुंचेंगे और गत दिवस उनके दो भाइयों का अलग-अलग समय पर देहांत होने पर उनके दु:ख में शामिल होंगे और जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ और उनके परिवार से मिलकर उनका दु:ख साझा करेंगे।

बता दें कि रालोद के जिलाध्यक्ष मतलूब गौड़ के दो भाइयों हाजी महमूद अली गौड़ (07 अप्रैल) और मोहम्मद इनाम उर्फ नम्मू गौड़ (28 मई) को देहांत हो गया था और दोनों के देहांत पर राष्ट्रीय लोकदल के सांसद, विधायक और वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी उनको सांत्वना देने के लिए पहुंचे थे और अब स्वयं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह उनके आवास कस्बा किठौर में 21 जून की सुबह 09:15 पहुंचेंगे और जिला अध्यक्ष से मिलकर तथा उनके परिवार से मिलकर उनके दु:ख में शामिल होंगे।

## जानी में असामाजिक तत्वों ने तोड़ी धार्मिक स्थल की दीवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** आगामी कावड़ यात्रा और मोहर्रम का पर्व शुरू होने वाला है। सामाजिक तत्व माहौल खराब करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं लेकिन आला अधिकारियों की सूझबूझ से उनके मंसूबे विफल हो रहे हैं। ऐसा ही मामला जानी क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह नगला कुंभा स्थित एक धार्मिक स्थल की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया जिसमें दिन निकलते ही वहां पर मौजूद श्रद्धालु पहुंच गए और थाना पुलिस को सूचित किया जिसमें थाना पुलिस ने लोगों किसी कहा कि आरोपी कोई भी हो बक्शे नहीं जाएंगे। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी धार्मिक स्थल की दीवार को तोड़ दिया था। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी कोई भी हो जल्द पकड़े जाएंगे।

# नशे और धुएं में उड़ रहा है बच्चों का भविष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा थी कि संघर्ष करो अगर आगे बढ़ना है और पढ़ना है तो चीन तक जाओ क्योंकि आज भी इस दौर में चीन की भाषा को नहीं समझ सकता लेकिन हमारे देश के युवाओं में संघर्ष तो बहुत दूर की बात है पढ़ ही जाएं यही गनीमत है क्योंकि आज कल के युवाओं में अक्सर देखा गया है कि नशे की लत तेजी से बढ़ती जा रही है और तो और अब हुक्का बार फ्लेवर में पैसे खर्च करने जा रहे हैं और अपना भविष्य खुद खराब कर रहे हैं। यही नहीं जब हुक्का बार में जाते हैं तो हुक्का बार संचालन उनके सामने तरह तरह के फ्लेवर की आजमाइश की जाती है। धुआं बनाकर घंटों हुक्का बार में बिताते है। शायद उनको यह मालूम नहीं की नशा और हुक्के से फेफड़े तो खराब होंगे ही तमाम अंदर पेट की की योजनाएं समाप्त हो जाएंगी। मेरठ के देहात क्षेत्रों में गली-गली व मौहल्ले में यह अवैध हुक्के संचालित हो रहे हैं जिसमें पुलिस आंख बंद कर बेठी है। इन हुक्के से देश के युवाओं व बच्चों का भविष्य खराब तो हो ही रहा है साथ में हुक्के बार में जो फ्लेवर दिया जा रहा है वह किसी जहर से कम नहीं है। अगर एक घंटे अगर कोई हुक्का पीता है तो समझ लो एक सिगरेट की पूरी डिब्बी पी गया। एक समय ऐसा भी था जब गांव में लोग चौपाल लगाकर हुक्का पीते थे लेकिन वह हुक्का जहरीला नहीं था और ना ही उसमें जहरीला पदार्थ। अब देखना यह है कि कब और कैसे अवैध हुक्के बार पर अंकुश लग पाएगा।




# मेरठ पुलिस हर रोज कर रही हाफ एनकाउंटर

## 25 हजार के इनामी को मुठभेड़ में किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना इंचौली पुलिस ने गौकशी की घटना में वांछित 25 हजार के ईनामी को मुठभेड़ में घायल करके गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से अवैध तमंचा .315 बोर 02 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस .315 बोर व एक पैशन प्लस मोटर साइकिल बरामद की गई।

गौरतलब है कि 09/10 अप्रैल 2025 का रात्रि में ग्राम जलालपुर के जंगल में गौकशी की घटना हुई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना इंचौली पर गौवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें परवेज उर्फ पप्पू, आकिब, वसीम और कादिर को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मुकदमा में आसिफ उर्फ सोनू पुत्र गुलजार व उजो पुत्र गोला वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। थाना इंचौली के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार सक्सैना ने बताया कि मसूरी पुल के पास चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया तो उसने बाइक कच्चे रास्ते पर उतार दी और पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने लगा, पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में उक्त बाइक सवार पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया।

### एनकाउंटर की घटना, गोतस्कर की जुबानी

पूछताछ करने पर आसिफ ने बताया कि मैं अपने साथियों के साथ इंचौली क्षेत्र में पहले भी गौकशी की घटना के लिए आता रहा हूं। आज खराब मौसम का फायदा उठाकर गौकशी करने के इरादे से आया था और उसी के लिए किसी लावारिस पशु (गौवंश) की तलाश करता हुआ लावड़ से मसूरी की ओर आ रहा था, तो मसूरी पुल के नीचे पुलिस वालो को चेकिंग करता देख मैं डर गया। अपनी बाइक से कच्चे रास्ते पर पुलिस से बचने के इरादे से जाने लगा। पुलिस को अपने पीछे आता देख मैंने खुद को बचाने के चक्कर में फायर कर दिया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मवि मीरा, वि.ख. दौराला, मेरठ

**विज्ञापन**

शासनादेश संख्या-42/2021/1235-33-3-2021-989/2021 दिनांक 25.07.2021 तथा निदेशक पंचायती राज उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-6/2222/2018-6/2008/2024-25 के क्रम में जिला पंचायती राज अधिकारी, मेरठ के पत्रांक-1196/पं.-स्था-01/2025-26 दिनांक 03.06.2025 के द्वारा पंचायत सहायक/एकाउटेन्ट-कम-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु योग्य अभ्यार्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं:-

- कुल रिक्त पद-1, ग्राम पंचायत **मवि मीरा** विकास खण्ड-**दौराला** (मेरठ)
- ग्राम पंचायतवार अवशेष विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायतीराज विभाग की वेबसाईट https://panchayatiraj.up.nic.in एवं https://prdfinance.up.gov.in पर उपलब्ध हैं।
- आवेदन तिथि- 19.06.2025 से 04.07.2025 तक।

पंचायत सहायक/एकाउटेण्ट-कम-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय-सारिणी।

| क्र.सं. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक/एकाउटेण्ट-कम-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | 16.06.2025 से 20.06.2025 तक |
| 2. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 16.06.2025 से 25.06.2025 तक |
| 3. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 26.06.2025 से 10.07.2025 तक |
| 4. | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 11.07.2025 से 17.07.2025 तक |
| 5. | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति। | 18.07.2025 से 28.07.2025 तक |
| 6. | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 29.07.2025 से 07.08.2025 तक |

**आवेदन की प्रक्रिया:** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत/विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या-42/2021/1235-33-3-2021-989/2021 दिनांक 25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**प्रधान ग्राम पंचायत मवि मीरा**
**विकास खण्ड - दौराला (मेरठ)**

**सचिव ग्राम पंचायत मवि मीरा**
**विकास खण्ड - दौराला (मेरठ)**

# कुलपति संगीता शुक्ला ने हस्तिनापुर जैनतीर्थ के योग कार्यक्रम में किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरूवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने भारत सरकार के योग सप्ताह के अन्तर्गत हस्तिनापुर स्थित विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ में योग कार्यक्रम में भाग लिया। योग कार्यक्रम में स्वामी कल्याण देव कालिज हस्तिनापुर, मेरठ के छात्र छात्राओं व विश्व. विद्यालय योग विभाग से माननीय कुलपति महोदया के साथ पधारे छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सभी ने सूर्य नमस्कार, कपाल भाति, अनेक प्रकार के आसन तथा प्राणायाम कराकर लोगों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। योग करने के पश्चात कुलपति महोदया ने अष्टापद मंदिर में परिक्रमा व भ्रमण किया। पुराणों में वर्णित महाभारत कालीन नगरी हस्तिनापुर पहुंचकर कुलपति अभिभूत हो गई। यहां की प्राकृतिक सौंदर्यता, धर्ममय वातावरण अनायास ही सभी को आकर्षित करता है। हस्तिनापुर भ्रमण कर कुलपति महोदया ने योग लाभ के साथ धर्म लाभ भी अर्जित किया। इसके पश्चात कुलपति महोदया ने स्वामी कल्याण देव डिग्री कालिज में चल रही विश्वविद्यालय परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने कालेज प्रांगण स्थित वीतराग पदमभूषण स्वामी कल्याण देव महाराज की मूर्ति पर माल्यार्णण किया। कालेज पहुंचने पर प्राचार्य डा. महेश कुमार सिंह ने कुलपति महोदया का पुष्पगुछ देकर स्वागत किया तथा बताया कि 15 मई से 21 जून तक प्रत्येक दिवस प्रात: 5.30 से 6.30 बजे तक महाविद्यालय में स्टफ एवं छात्र छात्राओं के साथ योग कक्षाएं सुचारू रूप से चल रही है। कालेज निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं से उनकी समस्याओं के बारे में मंत्रणा की। उन्होंने महाविद्यालय परिवार के सदस्यों को 'करो योग भगाओ रोग' का नारा दिया। इस दौरान कुलसचिव अनिल कुमार यादव, प्रो वाइस चांसलर मृदुल कुमार गुप्ता, वित्त अधिकारी रमेश कुमार, प्रो. वीरपाल सिंह (डायेक्टर रिसर्च), प्रो. केके शर्मा (विभागाध्यक्ष इतिहास), राकेश कुमार सिंह, प्रो. अनुज, डा. दुष्यंत, प्रो. बिन्दु शर्मा, प्रो. वैशाली पाटिल, प्रो. दिनेश कुमार, डा. किशोर कुमार, महिपाल सिंह, अनुज कुमार समेत कॉलेज की छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## कार्यालय ग्राम पंचायत चरला, वि.ख. दौराला, मेरठ

**विज्ञापन**

शासनादेश संख्या-42/2021/1235-33-3-2021-989/2021 दिनांक 25.07.2021 तथा निदेशक पंचायती राज उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-6/2222/2018-6/2008/2024-25 के क्रम में जिला पंचायती राज अधिकारी, मेरठ के पत्रांक-1196/पं.-स्था-01/2025-26 दिनांक 03.06.2025 के द्वारा पंचायत सहायक/एकाउटेन्ट-कम-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु योग्य अभ्यार्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं:-

- कुल रिक्त पद-1, ग्राम पंचायत **चरला** विकास खण्ड-**दौराला** (मेरठ)
- ग्राम पंचायतवार अवशेष विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायतीराज विभाग की वेबसाईट https://panchayatiraj.up.nic.in एवं https://prdfinance.up.gov.in पर उपलब्ध हैं।
- आवेदन तिथि- 19.06.2025 से 04.07.2025 तक।

पंचायत सहायक/एकाउटेण्ट-कम-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय-सारिणी।

| क्र.सं. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक/एकाउटेण्ट-कम-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | 16.06.2025 से 20.06.2025 तक |
| 2. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 16.06.2025 से 25.06.2025 तक |
| 3. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 26.06.2025 से 10.07.2025 तक |
| 4. | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 11.07.2025 से 17.07.2025 तक |
| 5. | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति। | 18.07.2025 से 28.07.2025 तक |
| 6. | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 29.07.2025 से 07.08.2025 तक |

**आवेदन की प्रक्रिया:** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत/विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या-42/2021/1235-33-3-2021-989/2021 दिनांक 25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**प्रधान ग्राम पंचायत चरला**
**विकास खण्ड - दौराला (मेरठ)**

**सचिव ग्राम पंचायत चरला**
**विकास खण्ड - दौराला (मेरठ)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत समसपुर, वि.ख. दौराला, मेरठ

**विज्ञापन**

शासनादेश संख्या-42/2021/1235-33-3-2021-989/2021 दिनांक 25.07.2021 तथा निदेशक पंचायती राज उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या-6/2222/2018-6/2008/2024-25 के क्रम में जिला पंचायती राज अधिकारी, मेरठ के पत्रांक-1196/पं.-स्था-01/2025-26 दिनांक 03.06.2025 के द्वारा पंचायत सहायक/एकाउटेन्ट-कम-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु योग्य अभ्यार्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये हैं:-

- कुल रिक्त पद-1, ग्राम पंचायत **समसपुर** विकास खण्ड-**दौराला** (मेरठ)
- ग्राम पंचायतवार अवशेष विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायतीराज विभाग की वेबसाईट https://panchayatiraj.up.nic.in एवं https://prdfinance.up.gov.in पर उपलब्ध हैं।
- आवेदन तिथि- 19.06.2025 से 04.07.2025 तक।

पंचायत सहायक/एकाउटेण्ट-कम-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के चयन की समय-सारिणी।

| क्र.सं. | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक/एकाउटेण्ट-कम-डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | 16.06.2025 से 20.06.2025 तक |
| 2. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 16.06.2025 से 25.06.2025 तक |
| 3. | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 26.06.2025 से 10.07.2025 तक |
| 4. | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 11.07.2025 से 17.07.2025 तक |
| 5. | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति। | 18.07.2025 से 28.07.2025 तक |
| 6. | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 29.07.2025 से 07.08.2025 तक |

**आवेदन की प्रक्रिया:** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत/विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या-42/2021/1235-33-3-2021-989/2021 दिनांक 25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**प्रधान ग्राम पंचायत समसपुर**
**विकास खण्ड - दौराला (मेरठ)**

**सचिव ग्राम पंचायत समसपुर**
**विकास खण्ड - दौराला (मेरठ)**

# तीन ट्रकों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत, एक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चरखी दादरी जिले के गांव झींझर के समीप नेशनल हाईवे-152 डी पर तीन ट्रकों की टक्कर हो गई, जिसमें ड्राइवर सहित 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल है। जिसे रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। एक घायल व एक मृतक की पहचान यूपी के बागपत निवासी के रूप में हुई है। जबकि तीसरे की पहचान नहीं हो पाई। जानकारी के अनुसार, नेशनल हाईवे 152 डी पर पर गांव झींझर के समीप हाईवे पर खड़े ट्रक से दूसरा ट्रक टकरा गया। उसी दौरान वहां से जा रहे एक और ट्रक से भी टक्कर हो गई, जिससे तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में एक ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बागपत निवासी सुमित व अनवर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें चरखी दादरी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया, लेकिन घायल सुमित की मौत हो गई। जबकि अनवर को रोहतक भेजा गया है। दोनों मृतकों के शवों को चरखी दादरी के सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। जहां परिजनों के आने के बाद कागजी कार्रवाई कर पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। बौंद कलां थाना प्रभारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई और एक घायल है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

## सीडीओ ने की 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के संबंध में बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उन्होंने कहा जिन विभागों को जो जिम्मेदारियां दी गई है उनकी तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जनपद बागपत के सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज बागपत में 21 जून 2025 को प्रात: 7 बजे से आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी व शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी भूपेंद्र एस चौधरी खाद रसद आयुक्त को नियुक्त किया गया है जो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में प्रतिभा करेंगे। वर्ष 2025 की योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित योग अभ्यास किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तीरथ लाल, अधिशासी अधिकारी बागपत के के भड़ाना, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डा.मोनिका गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी अरुण कुमार दिनेश, सहायक खाद्य आयुक्त मानवेंद्र सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।



# चोर ने फल विक्रेता के गल्ले से 700 रुपये किए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां एक फल की ठेली को भी चोरों ने नहीं छोड़ा। मात्र 22 सेकंड में फल विक्रेता के गले से 700 रुपए लेकर कर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के वंदना चौक का है। जहां फल विक्रेता अनिल कुमार केले की ठेली लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। वह सुबह के समय केला बेचने के लिए ठेली को वंदना चौक के समीप रोजाना की तरह लेकर पहुंच। इसके बाद वह शौच के लिए शौचालय तक करीब 100 मीटर की दूरी पर पहुंचा जिसके बाद में वापस लौटा तो उसकी ठेली के गले में रखें 700 रूपये नहीं थे। इसके बाद उसने स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी तलाश कराई। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसमें एक काली टी-शर्ट पहनकर एक युवक उसकी ठेली पर पहुंचता है और मात्र 22 सेकंड में चोरी की वारदात को अंजाम देता है।



यह घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोपी कर पर ठोस कार्रवाई की मांग की है। यह हैरान कर देने पर मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## महिला ने व्यक्ति पर लगाया 22 हजार 500 रुपए की ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शाहदरा की एक महिला ने जनपद बागपत के दाहा गांव के एक व्यक्ति पर ठगी का आरोप लगाया है। महिला ने एसपी को दी शिकायत में बताया कि आरोपी ने गुप्त रोगों की दवा के नाम पर उनसे 22 हजार 500 रुपए ऑनलाइन ले लिए। आरोपी ने दवा का असर गारंटी के साथ ठीक होने का दावा किया था। उसने महिला को तीन पैकेट दवाएं भेजीं। जांच में ये दवाएं नकली निकली और महिला को कोई फायदा नहीं हुआ। पता चला है कि आरोपी पहले भी कई लोगों को इसी तरह नकली दवाएं बेच चुका है। पीड़िता ने दोघट थाने में भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, आरोपी बड़े पैमाने पर नकली दवाएं बनाकर ऑनलाइन बेचता है। वह लोगों से 15 हजार से लेकर लाखों रुपए तक वसूल लेता है। इस मामले में दोघट थाने के इंस्पेक्टर बच्चू सिंह ने कहा कि महिला की शिकायत मिली है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## किसानों ने की गन्ने का जल्द भुगतान किए जाने की मांग

**रटौल।** ढिकोली गांव में भारतीय किसान यूनियन क्रान्ति दल की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें किसानों के गन्ने का जल्द भुगतान और बिजली की दर न बढानें की मांग को रखा गया।

ढिकोली के मेन बाजार में भारतीय किसान यूनियन क्रान्ति दल की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें किसानों समस्या को रखा गया और किसानों के गन्ने के भुगतान जल्द करने की मा्ंग रखी गयी जिसमे बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसानों के गन्ने का भुगतान न होने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही सरकार बिजली की दर बढाने पर विचार कर रही है जिससे लोगो को भारी नुकसान होगा अभी भी बिजली की दर ज्यादा है। उन्होंने कहा कि किसानों के गन्ने का भुगतान जल्द किया जाये। वही बिजली की दर नही बढायी जाये।



## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने की युवती की बरामदगी की मांग

**बिनौली।** बिनौली थाने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरा.ेध प्रदर्शन किया। चंदायान गांव की 20 वर्षीय युवती के अपहरण का आरोप चार युवकों पर लगा है। परि. जनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे। उन्होंने युवती की बरामदगी की मांग की। बिनौली थाना प्रभारी बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। युवती की तलाश की जा रही है। उन्होंने तीन दिन में युवती को बरामद करने का आश्वासन दिया है।

### एक नजर

## युवक का लेफ्टिनेंट पद पर चयन होने से गांव मे खुशी का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली के एक युवक का नेवी में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ है जिससे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीण परिवार को शुभकामनाएं देने मे लगे है।

ढिकोली गांव सैनिकों का गांव के नाम से जाना जाता है यहा का युवा देश सेवा का जज्बा रखता है और तैयारी में जुटा रहता है देश सेवा के लिए एक नाम और ढिकोली में जुड़ गया है ढिकोली के आदित्य ढाका पुत्र सत्येन्द्र ढाका का चयन नेवी में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है जब यह बात ग्रामीणों को पता चली तो गांव मे खुशी का माहौल है। आदित्य एक किसान परिवार से है और मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। युवक के चयन के बाद ग्रामीण परिवार को शुभकामनाएं देने मे लगे है। ग्रामीणों ने बताया कि आज भी गांव के लगभग 600 युवक देश की सेना मे अपना योगदान दे रहे है जो उनके लिए गर्व की बात है।

## खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जौनमाना गांव में एक बैठक में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता समाजसेवी ओंकार दत्त शर्मा जोनमाना ने कहा कि देश की आजादी की महानायिका झांसी वाली रानी ने अंग्रेजों का जमकर मुक. ाबला किया था उनकी गाथा को आज भी महिलाएं अपने दिलों में हमेशा याद रखेंगी। खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी बब्बरता अराजकता अन्य को कभी सहन नहीं किया था। आजादी के लिए धड़कते जवाला में उन्होंने अपनी पीठ पर अपने बेटे को कपड़े में बांधकर घुड़सवार पर सवार होकर चलांग लगा दी। फिर रुकने का उन्होंने नाम नहीं लिया। हम सब लोगों को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। अगली युवा पीढ़ी को आजादी के लिए प्रेरित कर अपने प्राणों की आहुति देने वाली झांसी वाली रानी को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने आजादी के लिए प्रेरित कर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। शौर्य निडरता साहस की प्रतीक महान वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर आज हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने देश के लिए अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा।

# गाय ने दो मुंह तीन आंख वाले बछड़े को दिया जन्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के टिकरी गांव में हुआ अद्भुत चमत्कार। कुदरत ने ऐसा करिश्मा दिखाया कि लोग देखते ही देखते आश्चर्य में पड़ गए। कुदरत के इस चमत्कार को देखने के लिए टिकरी गांव में लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है। एक गाय ने ऐसे बछड़े को जन्म दिया है जिसे देखकर हर कोई दंग रह गया।

इस बछड़े के दो मुंह है तीन आंखें है। गांव के लोग इसे कुदरत का करिश्मा बता रहे हैं। यह अजीबोगरीब बछड़ा ऑफिस गांव का सुपरस्टार बन गया है। जाहिद नाम के पशुपालक की गाय ने इस अद्भुत प्राणी को ऐसा जन्म दिया कि वहां पर देखने वालों की भीड़ लग गई।



यह खबर गांव में ही नहीं आसपास के गांव में भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

गांव के लोग आसपास के लोग इसकी वीडियो बनाकर अपने-अपने स्टेटस पर लगा रहे हैं और इसे भगवान का अवतार बता रहे हैं। कोई कह रहा है युग बदल रहा है कुछ श्रद्धालु तो फूल माला और नारियल लेकर पहुंच गए और बछड़े की पूजा अर्चना भी की अब इस बछड़े के मुंह पर चढ़ने के रूप में पैसे भी इकट्ठे हो रहे हैं।

## एसी की किस्त मांगने पर युवक को पीटा, डिप्रेशन में फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की आत्महत्या का मामला सामने आया है। मोहल्ला गिरधरपुर निवासी मनीष की आईडी पर पड़ोस के तीन युवकों ने एसी खरीदा था। रियाजु, शराजू और सहजाद नाम के इन युवकों ने एसी की किस्त जमा नहीं की।

इस पर दुकानदार ने मनीष पर किस्त जमा करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मनीष ने जब तीनों युवकों से किस्त जमा करने को कहा तो उन्होंने मना कर दिया। आरोप है कि तीनों युवकों ने मनीष के साथ मारपीट की और उसकी पसली तोड़ दी। उन्होंने मनीष को घर छोड़कर चले जाने की धमकियां भी दीं। इस घटना से डिप्रेशन में आए मनीष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजनों ने थाना पुलिस को शिकायत दी है।



उनका आरोप है कि पुलिस अभी तक कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस ने नहीं की सिपाही पर कोई कार्रवाई अब बच्चों के साथ थाने में ही करूंगी आत्महत्या: पीड़ित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना क्षेत्र के एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला ने आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने उसे शादी का झांसा देकर न सिर्फ कई महीनों तक शारीरिक शोषण किया बल्कि उसकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता रहा। सबसे गंभीर बात यह है कि महिला ने जिसे आरोपी ठहराया है, वह खुद एक सिपाही है, जो वर्दी का रौब दिखाकर महिला को धमकाता रहा।

पीड़िता ने साहस दिखाते हुए 16 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आरोपी सिपाही के खिलाफ शिकायत पत्र दिया था। वहां मौजूद अधिकारियों ने जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया, लेकिन एक महीना बीत जाने के बाद भी छपरौली थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला का कहना है कि वह थाने के लगातार चक्कर लगा रही है, लेकिन हर बार उसे टाल दिया जाता है। उसने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपी सिपाही को बचाने की कोशिश कर रही है। महिला ने आक्रोश जताते हुए कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह अपने मासूम बच्चों के साथ छपरौली थाने में आत्महत्या कर लेगी। महिला ने पूरी आपबीती सुनाते हुए बताया कि आरोपी सिपाही ने पहले तो शादी का झांसा देकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया, फिर दुष्कर्म कर उसकी वीडियो बना ली। जब उसने शादी की बात दोहराई तो आरोपी ने कहा, मैं पुलिसवाला हूं, कुछ नहीं बिगड़ेगा, तेरी वीडियो है मेरे पास, अगर ज़बान खोली तो उसे वायरल कर दूंगा। इस घटना ने न केवल पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी उजागर कर दिया है कि वर्दी की आड़ में किस तरह कुछ लोग कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं। अब देखना यह है कि छपरौली थाना और जिला पुलिस प्रशासन इस गंभीर मामले में पीड़िता को कब न्याय दिलाता है। पुलिस का कहना है कि मामले कि निष्पक्ष जांच कि जा रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का 55वां जन्मदिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर संगठन सृजन अभियान की समीक्षा बैठक हुई एंव जनप्रिय किसान मजदूरो गरीबों के नेता राहुल गांधी का 55 वां जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर बडे धूमधाम से मनाया एवं मिठाई बांटी गयी। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस सतेन्द्र शर्मा रहे। बैठक की अध्यक्षता रामहरी पंवार ने की संच. ालन देवेन्द्र चौहान ने किया। मुख्य अतिथि शहर कोआर्डिनेटर सतेन्द शर्मा ने कहा कि बडौत के लोग बहुत शोभाग्यशाली है। भारत जोडो यात्रा कन्या कुमारी से शुरू होकर बागपत बडौत से गुजर कर हरियाणा में प्रवेश किया। राहुल गांधी ने बागपत बडौत के लोगों से बात की व किसान मजदूरों की समस्याओ को धैर्य के साथ सुना। शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि अब रात दिन समय कांग्रेस संगठन को अधिक मजबूत करने का है जिससे 2027 का विधान सभाचुनाव मजबुती से लडा जा सके। इस अवसर पर किसान नेता रविन्द्र तोमर बिजेन्दर शर्मा उपाध्यक्ष रामरंग पंवार डा.सुभाष शर्मा महासचिव औमवीर सिंह सचिव ब्रजमोहन शर्मा सोनू त्यागी निशान्त चोधरी देवेन्द्र शर्मा हाकिम अली शहर अध्यक्ष सेवादल अशोक सचिन सोमपाल वत्स वसीम आदिल मलिक जावेद श्रीपाल प्रवीण औकार दत्त शर्मा जोनमाना आदि मौजूद रहे।




# वर्दीधारी पुलिसकर्मी और उसके दोस्त ने बाइक सवार युवक को पीटा

**बड़ौत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर छपरौली चुंगी के पास एक वर्दीधारी पुलिसकर्मी और उसके दोस्त ने बाइक सवार युवक की पिटाई कर दी। घटना कार को साइड देने के विवाद से शुरू हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बागपत से एक पुलिसकर्मी अपने दोस्त के साथ कार में शामली जा रहा था।

छपरौली चुंगी के पास उनकी कार की बाइक सवार युवक से टक्कर हो गई। इसके बाद कहासुनी हुई और पुलिसकर्मी व उसके दोस्त ने युवक की पिटाई शुरू कर दी। इस घटना से हाईवे पर जाम लग गया। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली और वह मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक पुलिसकर्मी और उसका दोस्त वहां से फरार हो चुके थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। स्थानीय लोगों ने दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीओ विजय कुमार ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है।





**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आसमौहम्मद व पुत्रवधू अमरीन से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
मुन्नी पत्नि स्व.मेहरदीन निवासी गुराना रोड गली नं.8 विजय नगर व थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आसु से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
बीरबोस पुत्र विजय सिंह निवासी पट्टी छिजाना कस्बा टीकरी थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

# पुलिस ने कुख्यात गोकश को घायल अवस्था में पकड़ा

## कुख्यात गोकश ने पुलिसकर्मी से ही पिस्टल छीनकर की पुलिस पर फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस और थाना हाफिजपुर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में कुख्यात गौकश बदमाश नूरु कुरैशी को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया है। नूरु कुरैशी पुलिस हिरासत से भागने और पुलिस पर फायरिंग करने का प्रयास कर रहा था। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से बदमाश घायल हुआ है।

गत 2 व 3 जून की रात को नूरु कुरैशी और उसके साथियों ने थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव सालेपुर कोटला के जंगल में गौकशी की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना हाफिजपुर में मुकदमा दर्ज किया गया और जांच के बाद नूरु कुरैशी को मुख्य आरोपी पाया गया। पुलिस ने नूरु कुरैशी को गिरफ्तार किया और गौकशी में इस्तेमाल हुए औजारों की बरामदगी के लिए उसे थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में ले जाया गया। इसी दौरान बदमाश ने पुलिसकर्मी की सरकारी पिस्तौल छीनकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें नूरु कुरैशी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसे तुरंत गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने नूरु कुरैशी के कब्जे से छीनी गई सरकारी पिस्तौल, उसकी मैगजीन और गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि नूरु कुरैशी पुत्र यासीन निवासी ग्राम अठ्सैनी एक शातिर अपराधी है। वह थाना गढ़मुक्तेश्वर के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल है और हिस्ट्रीशीटर एच.एस.-5। के रूप में चिह्नित है। उसके खिलाफ हापुड़ जिले के विभिन्न थानों में गौकशी, हत्या का प्रयास, चोरी, और गैंगस्टर एक्ट जैसे संगीन अपराधों के तहत 24 से अधिक मामले दर्ज हैं। नूरु कुरैशी गौकशी के अवैध धंधे में सक्रिय है, जिसके कारण वह पुलिस के लिए लगातार चुनौती बना हुआ था। घायल बदमाश को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस हिरासत में रखा गया है, जहां उससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।



# संदिग्ध हालात में नवविवाहिता की मौत, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात थाना क्षेत्र के गांव काठीखेड़ा में एक नवविवाहिता की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका के मायके पक्ष ने इसे हत्या बताते हुए ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय मृतका राखी बुलंदशहर जनपद के रसूलपुर गांव की रहने वाली थी। दो महीने पहले ही उसकी शादी काठीखेड़ा गांव निवासी ऋतिक से हुई थी। गौरतलब है कि उसी दिन मृतका की सगी बहन की शादी भी उसी घर के दूसरे भाई से हुई थी। बताया जा रहा है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया था। महिला को अपने पति के किसी अन्य महिला से अवैध संबंधों का शक था। जिसके चलते घर में अक्सर झगड़े होते रहते थे। सोमवार रात महिला अपने कमरे में सोई थी, लेकिन अगली सुबह वह मृत पाई गई। मायके वालों को जब इस बात की खबर मिली तो वे तुरंत काठीखेड़ा पहुंचे। बेटी का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया है कि उन्होंने महिला की हत्या कर दी और फिर मौत को नींद में होने की कहानी गढ़ी। घटना की सूचना मिलते ही थाना हापुड़ देहात के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।



# ट्राला की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोदीनगर रोड पर ग्राम बदनौली के पास गुरुवार सुबह तेज रफ्तार ट्राला की चपेट में आने से 40 वर्षीय बाइक सवार महेश पाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार दो अन्य लोग, राजू और लक्की, घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चंद्रलोक कॉलोनी निवासी महेश पाल अपने दो साथियों, जसरूप नगर निवासी राजू और लक्की के साथ बाइक पर सवार होकर मोदीनगर रोड पर पेड़ देखने जा रहे थे। महेश पेड़ काटने का काम करते थे और उसी सिलसिले में वे मोदीनगर रोड पर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम बदनौली के पास पेट्रोल पंप के सामने पहुंची, वे पेट्रोल भरवाने के लिए पंप की ओर मुड़े। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक 18 टायर वाले ट्राला ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महेश पाल बाइक से छिटककर सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वही राजू और लक्की को हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल ले गई। अस्पताल में चिकित्सकों ने महेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि राजू और लक्की को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने ट्राला को कब्जे में ले लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर ट्राला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हादसे के लिए ट्राला चालक की लापरवाही जिम्मेदार थी या अन्य कोई कारण। ट्राला चालक के मौके से फरार होने की भी जांच की जा रही है।



# दहेज मांगने और मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव दौताई से दहेज प्रताडना का मामला सामने आया है। विवाहिता ने अपने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज मांगने और मानसिक उत्पीडन का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने बताया कि कुछ साल पहले ही दौताई में शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग दहेज में एक लाख रुपये की मांग करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताडित किया गया। कई बार उसे घर से बाहर निकालने की धमकी दी गई। पीडिता का आरोप है कि उसके पति ने तीन तलाक बोलकर तलाक देने की धमकी दी है। इस संबंध में ससुराल और मायके पक्ष के लोगों के बीच कई बार समझौता हो गया है, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पीडिता ने कोतवाली में पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### ढाबे के निकट मोटरसाइकिल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर स्थित एक स्टॉल के समीप पार्क की गई दोपहिया वाहन लापता हो गई।
नोएडा के बंटी कुमार ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 13 जून को उसने अपना वाहन यहां छोड़ा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि इस संबंध में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। निकटवर्ती सुरक्षा कैमरों के रिकॉर्ड की जांच चल रही है। उन्होंने शीघ्र ही इस मामले को सुलझाने का आश्वासन दिया है।

### ट्रस्ट की जमीन को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** हाइवे के पास पिलर नंबर 86 के नजदीक स्थित श्री मां काली मंदिर क्षेत्र विकास ट्रस्ट की जमीन को लेकर विवाद हो गया है। वैश्य समाज ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने माता लक्ष्मी महाराजा अग्रसेन धाम ट्रस्ट नाम से नकली ट्रस्ट बनाकर जमीन पर गलत दावा करने की कोशिश की है।

समाज के लोगों ने बताया कि मां काली मंदिर,श्मशान घाट,हनुमान मंदिर और अग्रसेन पार्क इसी ट्रस्ट की जमीन पर हैं। अग्रसेन पार्क की देखभाल वैश्य अग्रवाल महासभा करती है। अब कुछ लोगों ने नया ट्रस्ट बनाकर इसी जमीन पर दावा करना शुरू कर दिया है। इस मामले में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जांच की मांग की है। उन्होंने नकली ट्रस्ट का पंजीकरण रद्द करने और भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। समाज ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

### डेयरी से निकल रहे दूषित पानी से लोग परेशान, बीमारी होने का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ नगर के पुराना हापुड़ रोड निवासी हाजी इरफान अली ने बताया कि उनके पड़ोस में एक डेरी स्थित है। डेरी से प्रतिदिन सैंकडों लीटर दूषित पानी निकलकर सड़क किनारे एकत्र हो रहा है। उस दूषित पानी के कारण आस पास में बदबू फैली हुई है। कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### मारपीट व छेड़छाड़ करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपने ही चाचा पर पत्नी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने विरोध करने पर उसकी पत्नी और बेटी के साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी युवक ने बताया कि उसका चाचा उसकी पत्नी पर बुरी नजर रखता है। कई बार उनका विवाद हो चुका है। उसने बताया कि उसकी पत्नी का पिछले दिनों ही आपरेशन हुआ है, इसलिए डाक्टर ने उनको बेड रेस्ट बताया हुआ है। इसलिए जून को वह अपने रिश्तेदार के घर बुआ को लेने के लिए गया था। इसी का फायदा उठाकर आरोपी चाचा मकान की दीवार कूदकर घर में आ गया। वहां आने के बाद उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की। उसकी पत्नी ने उनका विरोध करते हुए शोर मचाया तो उसकी बेटी वहां पहुंची तो आरोपी ने पत्नी और बेटी के साथ पिटाई कर दी। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पड़ोसी गांव के युवक पर छात्रा के अपहरण करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव से नगर के कालेज में परीक्षा देने के लिए गई छात्रा संदिग्ध परिस्थितयों में लाप हो गई। छात्रा के भाई ने पड़ोसी गांव निवासी युवक पर बहन के अपहरण करने की आशंका जता पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। युवक ने बताया कि उसकी बहन नगर के कालेज में बीए तृतीय की छात्रा है। 17 जून को उसकी बहन परीक्षा देने के लिए कालेज गई थी। शााम के समय जब वह घर नहीं आई तो परिजन को उसकी चिंता हुई। छात्रा को काफी जगह तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि छात्रा के भाई ने पड़ोसी गांव निवासी युवक पर बहन के अपहरण की आशंका जताई है। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही छात्रा को बरामद किया जाएगा।

# नीट परीक्षा में कलश शर्मा ने 2628वीं रैंक हासिल कर किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कलश शर्मा ने मेहनत और लगन से सफलता की मिसाल पेश करते हुए नीट में 2628 वीं रैंक हासिल कर परिवार के साथ अपने शहर का नाम रोशन किया है।

कलश ने हर दिन 17 घंटे तक पढ़ाई की और मोबाइल तथा सोशल मीडिया से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य को पाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कलश शर्मा ने पिलखुवा के संत जेवियर स्कूल से कक्षा 10 में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। इसके बाद कक्षा 12 की परीक्षा में क्षेत्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनके पिता दिनेश शर्मा रेलवे सुरक्षा बल में सब इंस्पेक्टर हैं जबकि मां सुधा शर्मा गृहिणी हैं। कलश ने बताया कि उनका सपना हार्ट सर्जन बनकर गरीब और जरूरतमंद मरीजों की सेवा करना है। बताया कि जब भी थकान महसूस होती थी, वे अपने सपनों को याद कर फिर से पढ़ाई में जुट जाती थीं। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। कलश की इस उपलब्धि से उनके परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी मेहनत और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।



# गड्ढों से भरी सड़कों से राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़-मेरठ मार्ग सड़क के गड्डे हादसों की वजह बने हुए हैं, जिनकी वजह से कई राहगीरों की मौत होने के बाद भी अधिकारी कोई सुध लेने को तैयार नहीं है।
समय समय पर सीएम योगी ने जर्जर हो चुकीं सड़कों को पूरी तरह गड्डा मुक्त कराने की घोषणा की थी, जिस पर गढ़ क्षेत्र में महज नाम मात्र को ही अमल हो पाया है। वजह गढ़ मेरठ मार्ग सड़क में कई जगह गहरे गड्डे होने के साथ ही गड्डे हादसों को न्यौता दे रहे हैं। सड़क के गड्डे में टायर गिरने से लगातार हादसे होते आ रहे हैं। अलग अलग स्थानों से आने वालों को परेशानी झेलने के साथ ही हादसों का शिकार भी होना पड़ रहा है। उक्त हाइवे पर गहरे गड्डे होने की एक वजह हजारों ओवरलोड वाहनों की आवाजाही न थम पाना भी है। भूपेंद्र, नकुल त्यागी हैदरपुर,दीपक सुमित आदि ने सड़कों में हुए गड्डे को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम अंकित वर्मा का कहना है कि सड़कों में हो रहे गड्डों को शीघ्र ही ठीक कराया जाएगा।



# भूमि पर अवैध कब्जा करने की नीयत से तालाब की तोड़ी दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली चीनी मिल के सुरक्षा अधिकारी ने शरारती तत्वों पर मिल के तालाब की भूमि की दीवार तोड़ कर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।
सिंभावली चीनी मिल के सुरक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार ने थाने में तहरीर दी है। दी गई तहरीर में उल्लेख किया गया है कि चीनी मिल के लगून तालाब की बाउण्ड्री मिल एवं बाजार के दक्षिण में स्थित है। जिसकी बाजार की तरफ की दीवार की ऊचाई लगभग दस फुट हैं। उस भूमि जब से मिल स्थापित है तब से ही चीनी मिल के नाम दर्ज है। उन्होंने बताया कि 18 जून को कुछ अज्ञात लोगों द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा करने की नियत से तालाब की दीवार को तोड दिया गया। कुछ भू-माफियों द्वारा जानबूझ कर अवैध कब्जा करने की नियत से किया गया। उन्होंने बताया कि चीनी मिल 11 जुलाई 2024 से राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायधिकरण एन.सी.एल.टी कोर्ट के आधीन कार्य कर रही है, और कम्पनी से सम्बधित सारे कार्य उनके आधीन ही संचालित हो रहे है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीएम व एसपी ने लिया कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने जनपद के प्रमुख मंदिरों का दौरा कर वहाँ की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरिक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। कांवड़ यात्रा भगवान शिव के भक्तों द्वारा की जाने वाली एक महत्वपूर्ण वार्षिक तीर्थयात्रा है, जो सावन के पवित्र महीने में होती है। इस यात्रा के दौरान, भक्त हरिद्वार और अन्य पवित्र स्थलों से गंगाजल लेकर आते हैं और अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन तैयारियो में जुटा हुआ है। डीएम और एसपी ने कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से मंदिरों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।



# कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन, किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को हापुड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने हापुड़ के देवनंदिनी अस्पताल में पहुंचकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा दान किया गया यह रक्त देश की सेनाओं और जरूरतमंद लोगों के काम आएगा। उन्होंने बताया कि लगभग 40 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने नेता के जन्मदिन पर रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ताओं में पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, विधि प्रकोष्ठ जिला चेयरमैन रघुवीर सिंह एडवोकेट, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, जितेंद्र सिंह, भरतलाल शर्मा, निसार खान, पूर्व सभासद प्रेम शर्मा, हेमंत कर्दम, अनुज कुमार, धर्मेंद्र जितेंद्र सिंह, कश्यप, संदीप कुमार, बॉबी त्यागी, अतिकूर रहमान सैफी, लाल बहादुर, सविता गौतम, महबूब, गोपाल भारती, प्रेम ठेकेदार, हारून सिद्दीकी, कपिल शर्मा आदि शामिल थे। जिला कोऑर्डिनेटर अवनीश काजला ने भी राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए इस रक्तदान की सराहना की।




# मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट के मरीज़ अब 6 महीने में होंगे ठीक, शुरू हुई नई रेजीमेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के मरीजों के लिए एक बड़ी राहत मिली है। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार त्यागी के कुशल मार्गदर्शन में, जनपद के क्षय रोग विभाग को भारत सरकार से रेजीमेन नामक एक नई दवा प्राप्त हुई है। इस नई रेजीमेन के आने से अब मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट के मरीज मात्र 6 महीने में पूरी तरह से ठीक हो सकेंगे, जबकि पहले इस बीमारी के इलाज में 18 से 20 महीने का समय लगता था। जनपद में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य टीम ने आज एक रोगी का इलाज इस नई रेजीमेन से शुरू किया और रोगी को स्वास्थ्य टीम के सामने पहली खुराक भी दी गई। जिला मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट, एचआईवीई कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार गौतम ने बताया कि इस नई रेजीमेन के कई फायदे हैं। इससे न केवल कम समय में इलाज हो सकेगा, बल्कि कम दवाइयों का उपयोग होगा और नुकसान भी कम होगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर दीपक शर्मा, जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी, दीपक कुमार, हरीश चंद और अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे।

# जुए की लत में अपना ही घर रख दिया गिरवी, पत्नी के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने जुए की लत के चलते अपना ही घर गिरवी रख दिया। जब पत्नी ने इसका विरोध किया तो पति ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीडिता का कहना है कि उसका पति लंबे समय से जुए का आदी है और अक्सर घर का कीमती सामान बेच देता था। हाल ही में उसने घर को भी एक जानकार के पास गिरवी रख दिया, जिससे परिवार आर्थिक संकट में आ गया। जब पत्नी ने इसका विरोध किया और समझाने की कोशिश की, तो आरोपी पति ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। महिला के शरीर पर चोट के कई निशान भी हैं। पीडिता ने पति के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है, जिसमें उसने खुद की जान को भी खतरा बताया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी अब बच्चों को भी डराने-धमकाने लगा है और उसे घर से निकालने की धमकी दे रहा है। कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है, जांच के बाद आरोपी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# साम्प्रदायिक हिंसा में 19 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

## पुलिस ने चार को गिरफ्तार कर भेजा जेल, अन्य की तलाश में दबिश दे रही पुलिस


अमरोहाः साम्प्रदायिक हिंसा के चार आरोपी पुलिस हिरासत में।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कार व बाइक की टक्कर के बाद बुधवार को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में भड़की हिंसा के मामले में 19 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हरकत में आई पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में हालात अब सामान्य है, सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की तैनाती को बरकरार रखा गया है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र का गांव दौलतपुर बुधवार शाम अचानक सुलग उठा था। दरअसल, इस ग्राम पंचायत में पृथीपुर व मझरा दो गांव और जुड़े हुए हैं। गांव दौलतपुर निवासी इब्ने हसन ने बीती 10 जून को अपनी बेटी शबाना की शादी डिडौली के गांव कमालपुर निवासी जावेद के साथ की थी। शबाना इन दिनों अपने मायके आई हुई थी। बुधवार को जावेद पत्नी शबाना को लेने अपनी ससुराल आ रहा था। जब उसकी कार मझरा में पहुंची तो

**गांव में सुरक्षा के मद्देनजर पीएसी तैनात, तनावपूर्ण शांति**

वहां गांव निवासी बब्लू सिंह व उसका दोस्त बाइक से कहीं जा रहे थे। कार और बाइक की मामूली टक्कर हो गई थी। जिसके बाद दोनों पक्षों हुई कहासुनी ने बड़े बवाल का रूप ले लिया था। बाइक सवार युवकों ने जावेद के साथ मारपीट की थी। कार में भी तोड़फोड़ की थी। बमुश्किल जान बचाकर वहां से भागा जावेद अपनी ससुराल पहुंचा था। इसके बाद मझरा गांव के युवकों और महिलाओं ने इब्ने हसन के घर पर धावा बोल दिया था। परिवार के लोगों को दौड़ा कर पीटा था, खुद को बचाने के लिए परिजनों ने घर से भागकर अपनी जान बचाई थी। हमलावरों ने घर व कारखाने में आग लगा दी थी। वाहनों में भी तोड़फोड़ की थी। आरोप है कि हमलावर नकदी, जेवरात व मोबाइल भी लूट कर ले गए थे। करीब पंद्रह मिनट तक हमलावर तोड़फोड़ करते रहे थे। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल बेकाबू होते हालात संभाले थे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया था। एसपी अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल का जायजा लिया था। तनाव को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया था। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में महेंद्र, अमन, काविंद्र, मीकू, जोगेंद्र, वीरेंद्र, नन्हे, खिद्दू, नौबहार, अक्षय, विक्की, महिलाल, शिवम, राजू, अजयपाल, हाजिराम, वीर सिंह, ठेकेदार राजेंद्र व अज्ञात के खिलाफ तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। चालान कर जिन्हें दोपहर में अदालत में पेश किया जाएगा।


अमरोहाः सुरक्षा के लिहाज से गांव में तैनात पीएसी जवान।

# बाइक-मोपेड की टक्कर में युवक की मौत

## घटना से परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाइक मोपेड की भीषण टक्कर में युवक की मौत हो गई। पीछे बैठा तहेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

बृहस्पतिवार को आदमपुर निवासी इंतजार पुत्र मुख्तार अपने तहेरे भाई आसिम पुत्र सईद के साथ जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर से गमी में शामिल होकर अपनी मोपेड से घर लौट रहे थे। आदमपुर ढवारसी मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे जैसे ही मोपेड पहुंची तो सामने से तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों तहेरे चचेरे भाई सड़क पर गिर गये। वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक मौके से फरार हो गई। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस 108 मौके पर पहुंच गई। दोनों घायलों को उठाकर



एंबुलेंस ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां इंतजार आयु 40 वर्ष को देखते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गये। हालत गंभीर होने पर आसिम को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी रोशन समेत चार बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हिंसा के आरोपियों पर एनएसए लगे

## एमआईएम ने सौंपा ज्ञापन


अमरोहाः आरोपियों पर एनएसए लगाने की मांग को एसपी कार्यालय में ज्ञापन देते एमआईएम पदाधिकारी।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दौलतपुर गांव में मुस्लिम कारोबारी के घर में घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ करने के विरोध में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार के नुकसान की भरपाई के लिए 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है।

बृहस्पतिवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के जिला अध्यक्ष एडवोकेट साजिद अली चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां ज्ञापन देकर बताया कि दौलतपुर गांव में कार और बाइक की मामूली टक्कर के बाद दूसरे समुदाय के लोगों ने इब्ने हसन के घर में घुसकर जानलेवा पर हमला किया। उनके घर में आग लगा दी गई। घर में रखा सामान जलकर रात हो गया। जबकि, दो मवेशी जलकर मर गए। आरोपियों ने घर में लूटपाट भी की। इस दौरान पीड़ित परिवार ने भाग कर अपनी जान बचाई। कहा कि इस घटना में इब्ने हसन का भारी नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई के लिए पचास लाख रुपये का मुआवजा दिलाया जाए। कुछ असामाजिक तत्व अराजकता फैलाने के लिए भूमिका बना सकते हैं। जिस माहौल को खराब किया जा सके। ऐसे तत्वों के असामाजिक संगठनों को प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम एनएसए की कार्रवाई की जाए। घटना के बाद से क्षेत्र में भय और अशांति का माहौल है। शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए खड़े इंतजाम किए जाएं। ताकि किसी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान हाजी शहजाद खान एडवोकेट, डॉ. टीपी सिंह, आदिल अंसारी, साजिद चौधरी, नईम अहमद मंसूरी, चमन अंसारी, फैसल तुर्की, नबी हसन सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

# बजरंग दल ने किया थाने का घेराव

## साम्प्रायिक हिंसा में दूसरे पक्ष की रिपोर्ट की मांग


नौगांवा सादातः थाने में धरने पर बैठे बजरंग के कार्यकर्ता।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगांवा थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में घर में घुसकर मारपीट और आगजनी के मामले में पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए बजरंग दल के पदाधिकारियों ने गुरुवार दोपहर थाने पर जमकर हंगामा किया।

करीब 12 बजे बजरंग दल के जिला और प्रांत स्तर के पदाधिकारी नौगांवा थाने पहुंचे और दलित समाज की शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराज होकर थाने के सामने धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया और चेतावनी दी कि जब तक दलित समाज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। बजरंग दल पदाधिकारियों का कहना है कि पृथ्वीपुर सराय निवासी महेंद्र और उनके परिजनों पर मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया और अपने ही घर में आग लगाकर उन्हें फंसाने की साजिश रची। इसके बावजूद पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए सिर्फ दलित पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया, जबकि उनकी ओर से दी गई तहरीर पर अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस दौरान प्रांत सुरक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत, जिला संयोजक कुशल चौधरी, अखिलेश भाटी, विपिन शर्मा, विपिन चौधरी, राजेंद्र चौधरी, अभिषेक, पीयूष शर्मा, विनय सैनी, सुरजीत सिंह, आंसू, सनी, विकास और रकम सिंह सहित कई बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन फिलहाल प्रदर्शनकारियों को शांत कराने और मामले की जांच में जुटा है।

## एक नजर

### मारपीट में दम्पति के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** भाभी को रोककर देवर-देवरानी ने मारपीट की। मामले में आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना डिडौली कोतवाली कोतवाली क्षेत्र के गांव इकोंदा की है। यहां अली अहमद का परिवार रहता है। बुधवार सुबह उनकी पत्नी शबनम शौचालय की तरफ जा रही थीं। आरोप है कि देवर अली शेर ने शौचालय जाने से रोक दिया और गाली-गलौज करने लगा। उसी दौरान अली शेर की पत्नी शाहीन भी वहां आ आ गई। दोनों ने मिलकर शबनम को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसियों को आता देख आरोपी धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी अलीशेर व उसकी पत्नी शाहीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### हाइवे पर पिकअप में घुसी कार, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** हाइवे पर कार अनियंत्रित होकर खड़ी पिकअप से टकरा गयी। जिसमें दो लोग घायल हो गये। जिन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी निर्मल सिंह अपने साथी सचिन के साथ शाहजहांपुर से कार द्वारा दिल्ली लौट रहे थे। जिस समय वह अम्हेड़ा दरगाह के सामने पहुंचे तो अचानक कार अनियंत्रित हो गयी तथा हाइवे पर खड़ी पिकअप में पीछे से घुस गयी। इस दौरान मुरादाबाद दिशा से आ रही दूसरी कार ने भी पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में निर्मल सिंह व सचिन गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

### बिजली दरें बढ़ीं, तो जनता पर पड़ेगा बोझः महबूब



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि सरकार बिजली दरों को दोगुनी करने की तैयारी में लगी है जिससे गरीब जनता पर इसका भारी बोझ पड़ेगा। मीडिया को जारी बयान में सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि इस समय महंगाई से जनता में हाहाकार मचा है। लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है। उधर प्रदेश सरकार बिजली की दरें दोगुनी करने की तैयारी कर रही है। इससे गरीब जनता पर भारी बोझ पड़ जायेगा। उन्होने सरकार से बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी ने करने की मांग की।

### मैंथा काटते समय महिला पर गीदड़ का हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** गीदड़ो के हमले से आए दिन पब्लिक शिकार हो रही है लेकिन वन विभाग इनके खिलाफ कुछ भी करने को तैयार नहीं है। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में कई मामले गीदडो के काटने से अभी तक आ चुके हैं। और कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं। थाना रहरा क्षेत्र के गांव कसाईपुरा निवासी चन्द्रा पति राजेश अपने खेत में मेंथा काट रही थी। तभी अचानक उस पर गीदड़ ने हमला बोल दिया। गीदड़ के हमले से महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी।आसपास के खेत में काम कर रहे किसानों ने उस गीदड़ को व मुश्किल भगाया। परिजन घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी रहरा में ले आए जहां उसका उपचार चल रहा है। इससे पहले भी थाना क्षेत्र के गांव गरगज की मढैया निवासी एक इंजीनियर की गीदड़ के काटने से मौत हो चुकी है। लेकिन वन विभाग द्वारा गीदडो को पकड़ने के लिए कोई भी अभियान नहीं चलाया जा रहा है। जिससे क्षेत्रौ के किसानों में दहशत का माहौल है।

# ताला तोड़कर शराब की पेटियां ले गए चोर

## अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दुकान का ताला तोड़कर शराब की पेटियां चोरी करने का मामला सामने आया है। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव धनौरी में बीती 17 जून की रात की है। जोया रोड स्थित आरजू कॉलोनी निवासी बृजेश चौधरी की गांव में शराब की दुकान है। डिडौली क्षेत्र के गांव चुबका निवासी मिसम दुकान पर सेल्समैन की नौकरी करता है। 17 जून की रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। रात में किसी समय दुकान के ताले तोड़ चोर शराब की पेटियां चोरी कर फरार हो गए। बृजेश चौधरी को घटना की जानकारी अगले दिन आसपास के दुकानदारों से हुई। सूचना पर पुलिस ने मौका-मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही। घटना का जल्दी खुलासा करने का दावा किया।

# पुलिस से मिले सर्राफ, घटना के खुलासे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्वैलर्स की दुकान से तीन लाख रूपये की कीमत की सोने की चार चूड़ियां लेकर

**दो महिलाएं तीन लाख की कीमत की सोने की चार चूड़ियां लेकर हुई थीं फरार**

फरार हुई दो महिलाओं की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में शहर के सर्राफ और अन्य व्यापारी प्रभारी निरीक्षक से मिले और घटना के खुलासे की मांग की। बता दें कि नगर के बस्ती स्थित अग्रसेन मार्केट में सचिन अग्रवाल की 'अग्रवाल ज्वेलर्स' के नाम से दुकान है। 17 जून की शाम को करीब 4:00 बजे आभूषण खरीदने के बहाने से आई दो बुर्कानशीं महिलाएं मौका पाकर तीन तोले सोने से निर्मित चार चूड़ियां लेकर फरार हो गई थीं। घटना का एहसास होते ही सर्राफ ने आसपास के सभी



सर्राफ व अन्य दुकानदारों को बुलाकर बताया था और पुलिस ने भी मौका मुआयना किया। गुरूवार को भेंट करने पहुंचे व्यापारियों को प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने घटना के शीघ्र खुलासे का भरोसा दिया। इस मौके पर अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल, सचिन अग्रवाल, नितिन बंसल, नितिन अग्रवाल, गजेंद्र, अर्जुन वर्मा, गौरव रस्तौगी, प्रदीप अग्रवाल, आकाश बंसल, विट्ठल गोयल, सचिन वर्मा, राजीव मित्तल, अमित गर्ग, केशव सिंघल आदि मौजूद रहे।

# आम के बाग में तेंदुए ने किया कुत्ते का शिकार

## वन विभाग ने पकड़ने को लगाया पिंजरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आम के बाग में तेंदुए ने कुत्ते का शिकार कर लिया। वन विभाग कीी टीम ने उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत है।

गौरतलब है कि पीठखेड़ा गांव में कई दिन से तेंदुए को विचरण करते हुए देखा जा रहा था। जिसके बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है स मंगलवार रात गांव निवासी रामवीर सिंह व उनका बेटा विपिन आम के बाग की रखवाली कर रहे थे स इस दौरान उनका पालतू कुत्ता भी उनके साथ था। शिकार की तलाश में जंगल में घूम रहे तेंदुए ने उनके कुत्ते की गर्दन पकड़ ली थी और उसे घसीटते हुए अपने साथ ले गया था। दिन निकलने पर कुत्ते के अवशेष जंगल में कुछ ही दूरी पर मिट्टी के टीले पर पड़े हुए मिले थे स जिसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर डायल-112 व वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी स जहां उन्होंने तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में काफी देर तक सर्च अभियान चलाया गया था लेकिन तेंदुआ कही दिखाई नहीं दिया था। बुधवार दोपहर वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगवा दिया था जिसमें अब बकरी को शिकार के रूप में बांधा गया है। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी तेंदुआ पिंजरे में नहीं फंसा है स इससे इलाके में डर का माहौल बना है।वहीं, वन विभाग को उम्मीद है कि बकरी के लालच में तेंदुआ पिंजरे की तरफ जरूर आएगा। दूसरी तरफ नौगावां सादात क्षेत्र में तेंदुए को लेकर मचा शोर बीते तीन-चार दिन से शांत है। वन विभाग ने जंगल में लगाए गए पिंजरे हटा दिए हैं। गौरतलब है कि गांव में बीते दिनों तेंदुए ने हमला कर छह किसानों पर हमला कर दिया था। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने घेराबंदी करने के बाद तेंदुए को पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया।


गजरौला। नगर के बस्ती स्थित तालाब भूमि का निरीक्षण करते टीम में शामिल अधिकारीगण।

# लखनऊ से आई टीम की पालिका के कार्यों की जांच

## सभासदों द्वारा शासन स्तर पर की गई थी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका के सभासदों की शिकायत पर शासन से आई दो सदस्यीय टीम ने शिकायत में उल्लेखित किए गए तालाब, सड़क आदि का निरीक्षण किया। चार घंटे से अधिक समय तक नगर में जांच पड़ताल करने के बाद टीम ने यहां से प्रस्थान किया।

**टीम ने कई स्थानों पर किया स्थलीय निरीक्षण**

बता दें कि नगर पालिका के सभासद कपिल चौधरी उर्फ भानू, विनीता अग्रवाल, पुष्पा चौधरी आदि ने शासन स्तर पर मोहल्ला भानपुर में सड़क पर मिट्टी आदि का भराव दिखाकर पैसे निकालने, आजाद नगर के कब्रिस्तान मार्ग पर स्थित तालाब परिसर की मिट्टी की बिक्री करने समेत अन्य सड़क निर्माण व नाला निर्माण आदि विकास कार्यों में मानक के अनुरूप काम नहीं करने की शिकायत की थी। जिसके बाद गुरूवार को उत्तर प्रदेश निकाय लखनऊ से सहायक निदेशक रश्मि सिंह व वरिष्ठ अभियंता कमलजीत सिंह की दो सदस्यीय टीम पहुंची। टीम ने सभासदों द्वारा की गई शिकायत के आधार पर उल्लेखित किए गए उपरोक्त सभी स्थानों का स्थलीय निरीक्षण भी किया तो वहीं पालिका दफ्तर में बैठकर शिकायतकर्ता सभासदों का पक्ष भी जाना और नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह से भी पक्ष पूछा। करीब चार घंटे से अधिक समय तक जांच पड़ताल करने के बाद टीम यहां से रवाना हुई। टीम ने जहां जहां पर भी जांच पड़ताल की, उसकी वीडियोग्राफी भी कराई। टीम ने हालांकि सीधे तौर पर मीडिया से ज्यादा बातचीत नहीं की मगर टीम का कहना था कि जांच की रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी। जांच के दौरान टीम के साथ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य भी मौजूद रहे।

# बरसातः आपात स्थिति से निपटने को नगर निगम ने स्थापित किया कंट्रोल रूम



**मथुरा।** बरसात के दौरान जलभराव और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम का कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेगा। 24 घंटे शिफ्ट के हिसाब से कर्मचारी तैनात रहेंगे।

एक तकनीकी टीम भी हर समय अलर्ट मोड पर रहेगी। सूचना मिलते ही टीम कार्यवाही के लिए रवाना हो जाएगी। टीम के कार्य और सपोर्ट के लिए लगातार फीड बैंक लिया जाएगा। नगर निगम मथुरा वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत दो दिवस लगातार वर्षा से हुए जलभराव की समस्या के दृष्टिगत अत्यधिक जलभराव प्रभावित स्थलों भूतेश्वर तिराहा, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड पर जलभराव को रोकने एवं तत्समय जलभराव स्थलों से जल निकासी के लिए महापौर विनोद अग्रवाल तथा नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा स्वयं स्थलीय निरीक्षण किये गये हैं। निरीक्षण के दौरान स्थल पर जलभराव के प्रमुख कारणों एवं तत्काल जल निकासी के उपायों को अविलंब किये जाने के निर्देश दिये गये। निर्देशों के अनुपालन में जलभराव प्रभावित स्थलों पर जलनिक. सी के लिए छह अस्थाई अति. रिक्त पम्प सेट लगवाये गये हैं। नालों की नियमित निरन्तर तली झाड़ सफाई करायी गयी है, नालों के ऊपर अतिक्रमण को हटवाया गया है, नाला सफाई के उपरान्त नालों को स्लैब के माध्यम से कवर करा दिया गया है। क्षतिग्रस्त नालों की अविलम्ब मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये हैं। जलभराव की समस्या दर्ज कराने के लिए भूतेश्वर तिराहा स्थित जलकल विभाग में कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। जिसका नम्बर 8218996344 है। कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रहेगा। कंट्रोल रूम पर अधिकारियों व कर्मचारियों की शिफ्टवार तैनाती की गयी है, जो शिकायत दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को तत्काल नोट करायेगें तथा कंट्रोल रूम पर तैनात कर्मचारियों की टीम उपकरणों के साथ जाकर जलभराव का निस्तारण करेगी। कार्य के पर्यवेक्षण के लिए दिनांकवार अधिकारी की तैनाती भी की गयी है। इसके अतिरिक्त जब जब वर्षा होगी उसी समय जलभराव प्रभावित स्थलों भूतेश्वर तिराहा, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैण्ड पर मुख्य मार्ग के दोनों ओर बैरीकेटिंग कराये जाने के लिए निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है। जिससे जन सामान्य पानी के अन्दर से न निकल सकें। मार्ग के दोनों ओर जेसीबी व अन्य उपकरण के साथ कर्मचारियों की तैनाती भी करायी गयी है।

## रिफाइनरी क्षेत्र में पकड़ी गई दो लाख रुपये की शराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** आबकारी विभाग ने थाना रिफाइनरी इलाके में चेकिंग के दौरान एक कार को पकड़ दो लाख रुपये की हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब बरामद की। टीम ने दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। हरियाणा की शराब को मुजफ्फरपुर बिहार ले जाया जा रहा था। जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि आबकारी विभाग हरियाणा से की जाने वाली शराब तस्करी पर लगातार नजर रखे हुए हैं। आबकारी निरीक्षक निशांत यादव के नेतृत्व में आबकारी टीम शराब तस्करी को रोकने के लिए पुलिस के साथ मिलकर वाहन चेकिंग कर रही थी। बरारी रोड पर चेकिंग के दौरान आबकारी टीम ने वहां से जाती एक कार को चेक करने के लिए रोक लिया। चेकिंग के दौरान कार में हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब भरी हुई थी।

# एसपी ग्रामीण ने थाना नौहझील में की लोगों के साथ चर्चा



**मथुरा।** अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस ने जनसंवाद किया। थाना नौझील में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, अपराधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा महत्वपूर्ण स्थलों पर और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के संबंध में चर्चा की गई। जनता और पुलिस का बेहतर समन्वय बनाए रखने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी मांट गुंजन सिंह, थाना प्रभारी नौझील सोनू कुमार तथा व्यापारी नेता मुकेश वार्ष्णेय, नौझील प्रधान प्रशांत गुप्ता, धीरज प्रधान अन्य प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे। गोष्ठी के पश्चात थाने पर नियुक्त पुलिस कर्मियों की बीट बुक की समीक्षा की गई। पहचान एप में अपराधियों का शत प्रतिशत सत्यापन, हिस्ट्रीशीटर की नियमित चे. किंग के लिए ब्रीफिंग की गई। समस्त उप निरीक्षक की गोष्ठी कर लंबित विवेचनाओं के एक सप्ताह में निस्तारण किए जाने तथा संपूर्ण थाना क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरा से कवरेज किए जाने के लिए मैपिंग किए जाने के निर्देश दिए गए।

# पट्टे के पैसे मांगने पर प्रधान ने महिला को पीटा

## घटना का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** पट्टे के नाम पर 50 हजार ले चुके प्रधान से उसे वापस मांगा तो वह आग बबूला हो गया। महिला की प्रधान ने जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित का प्रधान पर पैसे लेने का आरोप लगाने का वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव सिरसा कला निवासी सुकेश कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसमें ग्रामीण सुकेश कुमार ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए बता रहा है कि 5 वर्ष पहले उसने पट्टे के नाम पर उससे 50 हजार लिए थे। सुकेश कुमार का आरोप है कि बीते दिन उसकी पत्नी जंगल से घर लौट रही थी। रास्ते में ग्राम प्रधान प्रवीन ने उसके साथ गाली ग्लोंच करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। पीड़ित ग्रामीण का कहना है कि ग्राम प्रधान लोगों से पट्टे के नाम पर मोटी उगाही कर चुका है।

ग्राम प्रधान द्वारा पट्टे के नाम पर दिये गये पैसे को वापस मांगते हैं तो वह गाली गलोंच हुए मारपीट करने पर उतारू हो जाता है। और साथ ही फर्जी मुकदमे में फसाने की भी धमकी देता है। पीड़ित द्वारा प्रधान पर लगाये गये आरोपी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है। पीड़ित सुकेश ने रहरा थाने में पुलिस को तहरीर देकर न्याय करने की गुहार लगाई है।

# गोवध पर बने सख्त नियम, मिले उम्रकैद की सजा, गो माता को राष्ट्रीय पशु घोषित कराना प्राथमिकताः अभिषेक

**मथुरा।** केन्द्र की एनडीए गठबंधन सरकार में घटक दल शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट के राष्ट्रीय समन्वयक गुरुवार को वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन किये। डा. अभिषेक वर्मा ने कहा कि भारत श्रेष्ठ भारत बन रहा है। बस यही सनातन संस्कृति है। सनातन धर्म में सभी जाति, धर्म और संस्कृति समायोजित हैं। सनातन में सभी जातियों का समावेश है। आज भाजपा और शिवस. ना की सरकार मिलकर गौ संवर्धन पर कार्य कर रही है। गौहत्या के सवाल पर वर्मा ने कहा कि गौ हत्या करने वालों को उम्रकैद की सजा होनी चाहिए। यमुना के शुद्धिकरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सरकार यमुना शुद्धिकरण पर चिंतित है और पहले से व्यवस्था में बदलाव भी आया है और आगे भी सरकार मां यमुना को निर्मल बनाने के लिए विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को नदियों को निर्मल, अविरल बनाने की योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी सरकार द्वारा दिए गए हैं। सरकार के साथ साथ जनता का भी सहयोग यमुना को शुद्ध एवं निर्मल बनाने में चाहिए तभी नदियों का शुद्धिकरण हो पाएगा। गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के प्रयास भी जारी हैं। जल्द ही सरकार को कदम उठाना चाहिए। बुधवार को



दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, मथुरा में आयोजित गौमय कला प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उसके बाद वृंदावन बांके बिहारी मंदिर पहुंच कर दर्शन किए। 2027 विधान सभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि अगर एनडीए चाहेगा तो हम प्रदेश में चुनाव लड़ सकते है अगर भाजपा शिव सेना के साथ सीट बंटवारे का काम करेगी। एनडीए और शिवसेना हिंदू विचारधारा की सरकार है और हिंदू के लिए ही कार्य करती है। राम जन्मभूमि के निर्माण में भी शिवसेना ने अहम भूमिका निभाई है आगे भी शिवसेना का प्रयास हिंदुओं की सेवा करने के लिए होगा।

## चेक बाउंस में प्रॉपर्टी डीलर को छह माह की सजा

**अमरोहा।** अदालत ने चेक बाउंस के मामले में प्रॉपर्टी डीलर को छह महीने जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 13.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। शहर के मोहल्ला जयओम नगर निवासी हरिदास राशन डीलर हैं।

आंबेडकर पार्क के पास मोहल्ला छेवड़ा में रहने वाले राजेंद्र कुमार वरुण से उनके अच्छे संबंध थे। राजेंद्र सिंह का प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त का काम है। हरिदास ने एक प्लॉट खरीदने के लिए राजेंद्र कुमार वरुण को 11.36 लाख रुपये दिए थे। इसके बाद राजेंद्र सिंह ने काफी समय तक प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं कराई और न ही रुपये वापस किए। दबाव बनाने पर राजेंद्र सिंह ने हरिदास को 11.36 लाख रुपये के दो चेक दे दिए। खाते में रुपये नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गए। लिहाजा, मामले में हरिदास ने अदालत की शरण ली।

# गांधी पार्क में चल रहा सात दिनों से योगाभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** जीवन को निरोगी रखना है तो सबसे पहले योग को अपनी दिनचर्या का एक पडाव बनाना होगा। इससे न केवल आपका समय, पैसा और स्वास्थ्य सभी का बचाव हो सकेगा। हमारे पूर्वजों ने भी योग अपनाकर जीवन का एक मंत्र दिया था। उक्त वक्तव्य शहर के पुराना जीटी रोड स्थित गांधी पार्क में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर में महिलाओं को संबोधित करते हुए योगाचार्य डा. अमर सिंह पौनिया कहे। उन्होंने करो योग, रहो निरोग का मंत्र पर जोर देते हुए बताया कि योग के माध्यम से अधिकतर शारीरिक बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। सुबह अगर हम आधा घंटा योग करते हैं तो हम निरोग रह सकते हैं। योग हमारी पारंपरिक धरोहर है और इसे हमें हर हाल में जीवित रखना है। उन्होंने कहा कि योग से निरोग तो रहते ही हैं साथ ही हमारा शरीर सुडौल और शक्तिशाली बनता है। योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को संतु. लित करता है। आज के दौर में मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए योग सबसे कारगर उपाय है।योग को घर–घर तक पहुंचाने का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से पूरा हो रहा है। योग सिर्फ शरीर को ही नहीं, पूरे जीवन को स्वस्थ बनाता है। प्रातः योग करने से सारा दिन शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं किसी भी तरह का आलस्य शरीर में नहीं रह जाता एवं कई प्रकार की बीमारियों जैसे बीपी, शुगर, मोटापा आदि से बचा जा सकता है।योगाचार्य डॉ अमर सिंह पोनिया ने 21 जून की गॉधी पार्क में होने वाले योग शिविर में अधिक अधिक संख्या में पहुच कर योग से स्वस्थ रहे सो दवा एक सुबह की हवा से आप निरोगी क्या का अनुभव करेंगे

# गजरौला से सीधी नोएडा के लिए बस सेवा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रोडवेज बस से सफर करने वाले यात्रियों के लिये एक अच्छी खबर है। मण्डी धनौरा विधायक राजीव तरारा के प्रयास से अमरोहा डिपो से वाया गजरौला होते हुए नोएडा तक सीधी बस सेवा प्रारंभ हो गई है। विधायक ने गुरूवार को चौपला स्थित रोडवेज बस अड्डे से इस बस को झंडी दिखाकर व नारियल फोड़कर रवाना किया।



विधायक ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की जनता को आवागमन में होने वाली परेशानियों से मुक्ति दिलाना था। इस नई बस सेवा से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया, साथ ही रोडवेज के अधिकारियों से यह मांग करते हुए कहा कि वे मुहिम चलाकर चौपला पर रूकने वाली रोडवेज बसों को बस अड्डे पर ही रूकवाएं और खादर क्षेत्र से आवागमन के लिये भी बसें चलवाएं। इस मौके पर डॉ.उत्तम सिंह प्रजापति, सत्यपाल सिंह पाल, पवन चौधरी, अंकुश पाल, सतवीर सिंह, जुगल किशोर जिंदल, सीताराम कश्यप आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर रोडवेज के आरएम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# किसानों, मजदूरों, महिलाओं व युवाओं की आवाज है रालोद

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय लोकदल के 'सदस्यता अभियान' के अंतर्गत गुरूवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम दरियापुर बुजुर्ग मेंएक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक

**■ दरियापुर बुजुर्ग में हुआ पार्टी का कार्यक्रम**

नागरिकों को राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों, विचारधारा से जोड़ना रहा। इस दौरान युवाओं और किसानों ने उत्साहपूर्वक रालोद की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों,



मजदूरों, महिलाओं और युवाओं की आवाज है। हमारा प्रयास है कि गाँव–गाँव, गली–गली तक रालोद की बुलंद आवाज पहुँचे और आम जनमानस को न्याय व सम्मान का एहसास हो। इस अवसर पर बोबिन सिंह, कविंदर सुमित सिवाच, नमित चौधरी, प्रशांत, नेपाल, हरविंदर, जयवीर सिंह, योगेंद्र, मोंटी, चंद्रपाल, सिंह, धर्मपाल सिंह, राशिद, असीम, आबिद अली, विजय सैनी, रोहतास सिंह आदि मौजूद रहे।

# जनपद में चल रहा है 174 ग्राम पंचायतों में कूड़ा कलेक्शन का कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत जनपद में डीएम व सीडीओ के निर्देशन में ब्रज की रज प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसके क्रम में जनपद की 495 ग्राम पंचायतों में से 174 ग्राम पंचायतों में ई रिक्शा के माध्यम से प्रत्येक घर से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य कराया जाएगा। पंचायत राज विभाग 15 अगस्त तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों में घर–घर कूड़ा कलेक्शन का कराया जाएगा। सीडीओ मनीष मीना ने 174 ग्राम पंचायतों में कूड़ा कलेक्शन का कार्य रहा है या नहीं इसका सत्यापन ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की टीमें बनाकर कराने के निर्देश डीपीआरओ को दिए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने बताया कि अभी जिले की 174 ग्राम पंचायतों में ई रिक्शा के माध्यम से घर घर कूड़ा कलेक् शन का कार्य चलाया जा रहा है। इसमें इन ग्राम पंचायतों के लगभग 24 हजार परिवारों के घरों से कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जुलाई तक 60 हजार परिवारों से ई रिक्शा के द्वारा कूड़ा कलेक्शन कराने का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। शेष बची ग्राम पंचायतों में कूड़ा कलेक्शन 15 अगस्त तक किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शेष बची ग्राम पंचायतों में ई रिक्शा खरीदने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांवों में ई रिक्शा गांवों के प्रत्येक घरों पर जाकर प्लास्टिक पॉलीथिन अलग ले रहा है जबकि अन्य प्रकार का कूड़ा अलग ले रहा है। डीपीआरओ ने जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि घर में एक अलग कट्टे में प्लास्टिक व पॉलीथिन को दूसरे कट्टे में एकत्रित कर लें।

## सत्यापन करेंगे ये अधिकारी

मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने सभी ब्लाकों में तैनात एडीओ पंचायत, एडीओ समाज कल्याण, एडीओ सहकारिता, एडीओ अर्थ संख्या, खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी व जेई को सत्यापन के लिए लगाए गए हैं। प्रत्येक अधिकारी 25 से 30 जून तक कूड़ा कलेक्शन के कार्य का सत्यापन करेंगे। सभी अधिकारियों को तीन तीन पंचायतें दी गई है।

# झगड़े का बीच बचाव कर रहे युवक को चाकू मारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** लड़ाई का बीच बचाव करना युवक को भारी पड़ गया। दबंग ने युवक को चाकू मार कर बुरी तरह से घायल कर दिया। भाई को बचाने आई बहन की भी धुनाई कर दी। थाना सैदनगली के कस्बा उझारी के मोहल्ला मंसूरपुर निवासी मोहसीन पुत्र फरीद काशीराम कॉलोनी में रहने वाली अपनी बहन शाजिया पत्नी नदीम पर घर आया था। बताया जा रहा है कि वहां पर किसी बात को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो रहा था। मो. हसीन ने लड़ाई का बीच बचाव करना चाहा तो आरोपी युवक ने उसके चाकू मार दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। भाई की हालत को देखकर उसे बचाने के लिए आई बहन शाजिया को भी दबंग ने लाठी डंडों से पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल थाना सैदनगली पहुंच गये। पुलिस ने उन्हें मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया।

## तीन बच्चों की मां भतीजे के साथ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन बच्चों की मां अपने पति को छोड़कर अपने भतीजे के साथ फरार हो गई। जिससे क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं चल रही है। आजकल जगह–जगह पत्नी अपने पति के साथ बहुत अत्याचार कर रही हैं। कोई ना कोई पत्नी रोज अपने पर की दहलीज लाघ रही है। रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में बड़े भाई का लड़का अपनी चाची को लेकर फरार हो गया। उन दोनों चाची भतीजे के बीच कई माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि घर में रखी कुछ नगदी एवं जेवरात भी साथ ले गई है। मौका देखकर दोनों चाची भतीजा फरार हो गए। पीड़ित पति ने रहरा थाना में तहरीर देकर अपनी पत्नी को वापस बुलवाने की मांग की है।

# असामाजिक तत्वों को कांशीराम कालोनी से बाहर करें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** समाजसेवी संगठन ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देकर काशीराम कॉलोनी में दबंगई करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

गुरुवार को राष्ट्रवादी संगठन ने सीओ को ज्ञापन देते हुए कहा कि नगर के संभल रोड पर स्थित काशीराम कॉलोनी में कई लोग अवैध रूप से दबंगई के बल पर रह रहे हैं। जो कि अपराधी प्रवृत्ति के है तथा क्राइम को अंजाम देते हैं। यह लोग जनपद में अपराध करने के बाद यहां पर आकर रहने लगते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम मकान आवंटित है उन्होंने उनको पीट कर यहां से भगा दिया है। और सामाजिक तत्वो के उत्पीड़न से परेशान होकर पिछले दिनों कुछ लोगों ने पलायन करने की चेतावनी भी दी थी। उन्होंने कहा कि काशीराम कॉलोनी का ऑडिट कराकार उन लोगों को कॉलोनी में न रहने दिया जाये जिनके नाम पर मकान आवंटित नहीं है। आपराधिक लोगों को तत्काल यहां से बाहर किया जाये। ज्ञापन देने वालों में संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, महिपाल सिंह, हरीराज सिंह, मोनू अग्रवाल, धर्मपाल सिंह चौहान, जगबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह गुर्जर, यशवीर सिंह मौजूद रहे।

# कूमल काटकर लाखों की चोरी

## रहरा क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला जारी

**रहरा।** थाना क्षेत्र में चोरिया रुकने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन चोर नई–नई जगह को निशाना बना रहे हैं। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्यक्त है। पुलिस चोरिया की घटनाएं खोलने में असफल साबित हो रही है। बुधवार की रात्रि को चोरों ने रहरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर में निशाना बनाते हुए गांव निवासी मोहम्मद पुत्र स्वर्गीय सुबराती के घर में कुमल लगाकर घर में रखे सोने की लोंग, मंगलसूत्र एवं चांदी के पेंडिल, हसली, कुंडल, कपड़ा पीतल के बर्तन आदि एवं घर में रखे 10000 नगद एवं बच्चों की गुल्लक में रखें कुछ पैसे चोरी करके ले गए। सुबह जब गृह स्वामी जाग कर उठा तो चोरी होने का पता लगा। जिसे देखकर गृह स्वामी के होश उड़ गए।



## सिपाही पर दो हजार रिश्वत मांगने का आरोप

**मंडी धनौरा।** नगर के एक मोहल्ले की युवती ने कस्बा चौकी पर तैनात एक सिपाही पर दो हजार रुपये की रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। युवती ने इस संबंध में भाजपा के जिला स्तर के पदाधिकारी से मुलाकात की।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादकः** एस.एन. राना
"कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः** मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दिव्या ने वर्ल्ड नंबर-1 को हराया

### 19 साल की दिव्या देशमुख ने ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में होउ यिफान को पराजित कर शतरंज जगत में सबको चौंका दिया



**लंदन, वार्ता।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर वन होउ यिफान को हरा कर शतरंज जगत में सबकों चौंका दिया है। नागपुर निवासी 19 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या ने दृढ़ इच्छाशक्ति और अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अंतिम गेम में 74 चालों में जीत दर्ज की।

डब्ल्यूआर शतरंज टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली यिफान ने राउंड-रॉबिन सेमीफाइनल मुकाबले के पहले चरण में दिव्या को हराया था, लेकिन दिव्या ने दूसरे चरण में जोरदार वापसी की। सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने शुरुआती लाभ का फायदा उठाया। दिव्या ने अपनी इस उपलब्धि पर जमकर तरीफ बटोरी हैं। दिव्या ने हेक्सामाइंड शतरंज क्लब का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्लिट्ज सेमीफाइनल मैच के दूसरे चरण के वन होउ यिफान को हराया। टीम ने ब्लिट्ज प्रतियोगिता में कांस्य पदक और रैपिड प्रारूप में रजत पदक जीता। दिव्या ने व्यक्तिगत पदकों में टीम रजत (रैपिड), टीम कांस्य (ब्लिट्ज) और व्यक्तिगत कांस्य शामिल हैं। दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती, इसके बाद 2014 में डरबन में अंडर-10 और वर्ष 2017 में ब्राजील में अंडर-12 श्रेणियों में विश्व युवा खिताब जीते। दिव्या जल्दी ही महिला एफआईडीई मास्टर बन गईं और अक्टूबर 2021 तक उन्होंने महिला ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल कर लिया। दिव्या ने 2024 में बुडापेस्ट में 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारत की टीम स्वर्ण पदक दिलाया और विश्व टीम रैपिड और ब्लिट्ज चैम्पियनशिप के ब्लिट्ज सेगमेंट में 2600 से अधिक प्रदर्शन रेटिंग प्राप्त करके व्यक्तिगत सम्मान अर्जित किया।

## यिफान को हराने पर पीएम ने दिव्या को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीएम ने गुरुवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में चीन की दिग्गज और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान पर ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज प्रतियोगिता के ब्लिट्ज सेमीफाइनल के दूसरे चरण में विश्व की नंबर वन खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। पीएम की इस पोस्ट पर दिव्या देशमुख ने लिखा कि धन्यवाद, आदरणीय पीएम द्वारा मुझे सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत सम्मान और प्रोत्साहन की बात है।

# तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का हुआ अनावरण

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज अब तेंदुल. कर-एंडरसन ट्रॉफी के लिए खेली जाएगी। इससे पहले इस सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। गुरुवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के अनावरण की घोषणा की। बोर्ड ने बताया कि पटौदी की विरासत को कोई हानि नहीं पहुंचेगी।

इस सीरीज को जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी मेडल सौंपा जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज का नाम तेंदुल. कर-एंडरसन ट्रॉफी रखा जाएगा।इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पटौटी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। हालांकि, अब इसका नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कर दिया गया है। इस मौके पर जेम्स एंडरसन ने कहा- मेरे और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का क्षण है क्योंकि इस प्रतिष्ठित सीरीज का नाम सचिन और मेरे नाम पर रखा गया है। हमारे दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता हमेशा से ही कुछ खास रही है, जो इतिहास, तीव्रता और अविस्मरणीय क्षणों से भरपूर है। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट जीवन का प्रतीक है। आप अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं और अगर चीजें गलत हो जाती हैं तो यह आपको फिर से संगठित होने, सोचने, भूलने और वापसी करने के लिए एक और दिन देता है।



● **सीरीज को जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी मेडल सौंपा जाएगा**

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आईपीएल-2025 ने तोड़े व्युअरशिप के रिकॉर्ड

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 ने व्युअरशिप के कई रिकॉर्ड तोड़े। इसे टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफार्म 840 बिलियन मिनट से ज्यादा देखा गया। इतना ही नहीं, पंजाब किंग्स और रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया फाइनल मैच अब तक सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टी-20 मैच बना है। आईपीएल के आफिशियल ब्राडकास्टर जियोस्टार ने गुरुवार को पिछले सीजन के आंकड़े जारी किए। इसके अनुसार, इस भारतीय लीग के 18वें सीजन का वाच टाइम 840 बिलियन मिनट रहा। वहीं, पंजाब-बेंगलुरु फाइनल ने सभी प्लेटफार्म पर 31.7 बिलियन मिनट व्यूइंग टाइम हासिल किया। टीवी पर इसे 169 मिलियन लोगों ने देखा। जबकि डिजिटल प्लेटफार्म पर 892 मिलियन वीडियो व्यू और पीक समय में 55 मिलियन दर्शकों के साथ नए रिकॉर्ड बनाया। अहमदाबाद में 3 जून को खेले गए इस मुकाबले में बेंगलुरु ने पंजाब को 6 रन से हराया था। आरसीबी की टीम ने पहली बार आईपीएल टाइटल अपने नाम किया था। जियोस्टार के स्पोर्ट्स और लाइव एक्सपीरियंस के ब्म्० संजोग गुप्ता ने कहा- श्व्युअरशिप के नंबर्स फैंस के प्रति हमारा कमेंटमेंट दिखाते हैं। लाइव में डिजिटल व्युअरशिप 29 प्रतिशत बढ़ी, टीवी में 49 प्रतिशत पिछले साल की तुलना में जियो सटार ने डिजिटल व्यूइंग में 29 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की। इसने 23.1 बिलियन से ज्यादा व्यूज और 384.6 बिलियन मिनट वाच-टाइम हासिल किया। वहीं, लीग की कनेक्ट टीवी ग्रोथ 49 प्रतिशत रही। स्टार स्पोर्ट्स ने 456 बिलियन मिनट वाच-टाइम हासिल किया।

### सूखे मौसम से बैटर्स को मदद की उम्मीद

# पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज से

● **लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है, फरवरी से यहा बारिश नहीं हुई और मैदान सूखा पड़ा है**

**लीड्स, वार्ता।** भारत का बहुप्रतीक्षित इंग्लैंड टेस्ट दौरा अब बिल्कुल करीब है। पांच टेस्ट की इस सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार से खेला जाएगा। इस बार लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है, जो आमतौर पर इंग्लैंड दौरे का तीसरा टेस्ट होता है। इस बार यहां का मौसम भी कुछ अलग है।

फरवरी से यहां बारिश नहीं हुई है और मैदान एकदम सूखा पड़ा है। इससे पिच की तैयारी भी अलग तरीके से की गई है। पिच 3 दिन पहले तक देखने में हरी जरूर लग रही थी, लेकिन टेस्ट से पहले इसे अच्छे से काटा और रोल किया जाएगा। पिच क्यूरेटर रिचर्ड राबिन्सन कहते हैं, 'हम चाहते हैं कि पिच अच्छी और संतुलित हो, ताकि बल्लेबाज शाट खेल सकें। राबिन्सन की इस मैदान से जुड़ी कई यादें हैं। बचपन में यहीं पर उन्होंने 1981 की प्रसिद्ध एशेज सीरीज देखी थी, जिसमें लीड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड फालोआन खेलकर 18 रन से जीत गया था। अब राबिन्सन इस ऐतिहासिक मैदान पर एक और टेस्ट की जमीन तैयार कर रहे हैं। मेजबान टीम की कोशिश पहले गेंदबाजी की होगी मौसम विभाग के मुताबिक, टेस्ट के दौरान तापमान 30 डिग्री तक पहुंच सकता है। हालांकि, इतनी गर्मी के बावजूद पिच के टूटने की संभावना कम है। पहले दिन कुछ स्विंग या सीम मूवमेंट जरूर मिल सकता है, लेकिन उसके बाद यह पिच सपाट हो जाएगी। ब्रेंडन के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने 22 में से 16 बार टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है, जिनमें से उसे 9 मैचों में जीत मिली है। वहीं, 6 बार पहले बल्लेबाजी चुनने वाली टीम सभी मैच हार गई।

# रोहित-विराट के बिना ड्रेसिंग रूम सूना होगा

● **साथियों की गैरमौजूदगी पर छलका केएल राहुल का दर्द**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना ड्रेसिंग रूम साझा करना मुश्किल होगा। उनके बिना ड्रेसिंग रूम का माहौल सूना होगा। बता दें कि, विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी।

उनसे पहले रोहित शर्मा ने भी लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। इससे भारत को दोहरा झटका लगा था और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम का एलान किया। केएल राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ बातचीत में कहा- श्विराट और रोहित पिछले एक दशक से भारतीय क्रिकेट के स्तंभ रहे हैं और उनका न होना बहुत बड़ी कमी होगी। अपने अब तक के पूरे करियर में, मैं कभी भी ऐसी टीम के माहौल में नहीं गया, जहां न तो विराट और न ही रो. हित मौजूद हों। केएल राहुल ने आगे कहा कि मैंने अब तक जितने भी टेस्ट मैच खेले हैं, उनमें से विराट या रोहित या दोनों ही हमेशा टीम का हिस्सा रहे हैं। उनके बिना ड्रेसिंग रूम में जाना थोड़ा अजीब जरूर लगेगा। लेकिन निश्चित रूप से उनके फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने देश को अपना सबकुछ दिया है और वे हमेशा भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बने रहेंगे। लेकिन अब समय आ गया है कि हम सभी आगे आएं। भारतीय टीम इस सीरीज से विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत करेगी। गंभीर और गिल के लिए इंग्लैंड दौरा कठिन रहना वाला है। पिछले कुछ समय से भारत का टेस्ट प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। किसी भी सीरीज से पहले इंट्रा स्क्वाड या अभ्यास मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। भारतीय टीम ने इंट्रा स्क्वाड मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना था जिससे विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। भारत ने आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी।

# कोहली के रिटायरमेंट के बाद नंबर-4 पर बैटिंग करेंगे गिल



● **हेंडिग्ले टेस्ट से पहले पंत ने कन्फर्म किया, कहा कि मैं नंबर-5 पर खेलूंगा**

**लीड्स, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के उप कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नंबर-4 पर बल्लेबाजी करेंगे। जबकि वे खुद नंबर-5 पर खेलेंगे। 27 साल के पंत ने हेंडिग्ले टेस्ट से पहले कहा कि मिुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि नंबर-3 पर कौन खेलेगा, लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं 5वें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे।

12 मई को विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद भारतीय टीम में नंबर-4 की बैटिंग पो. जिशन खाली थी। इस पर कई दावेदार सामने आ रहे थे। बता दें कि टेस्ट क्रिकेट में नंबर-4 की पोजिशन सबसे अहम है। पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। गिल के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे पंत ने गिल के साथ अपने संबंध के सवाल पर कहा- श्मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है।

# इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीता भारत

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड में 18 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी टीम इंडिया फिर एक बार कोशिश के लिए तैयार है। टीम इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला 20 जून से हेडिंग्ले के लीड्स स्टेडियम में भारतीय टाइमिंग के अनुसार दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

टीम इंडिया 25 साल के युवा कप्तान शुभमन गिल की लीडरशिप में उतरेगी। वहीं इंग्लैंड की कमान 34 साल के अनुभवी आलराउंडर बेन स्टोक्स संभाल रहे हैं। 1932 में भारत ने इंग्लैंड के लाड्र्स स्टेडियम से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना सफर करियर शुरू किया, लेकिन टीम यहां 94 साल में 3 ही टेस्ट सीरीज जीत सकी। भारत ने अपना क्रिकेट सफर

● **94 साल में 3 ही बार जीते, द्रविड़ ने दिलाई आखिरी सफलता**

1932 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेल कर ही शुरू किया। कर्नल सीके नायडू ने मुकाबले में भारत की कप्तानी की। हालांकि, टीम को लाड्र्स स्टेडियम में 4 दिन चले मुकाबले में 158 रन से हार का सामना करना पड़ गया।

1932 से 2025 तक 94 साल में टीम इंडिया ने इंग्लैंड में 19 टेस्ट सीरीज खेलीं। भारत ने 3 जीतीं, जबकि 2 ड्रा खेलीं। वहीं 14 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। इंग्लिश कंडीशंस में इंग्लैंड के खिलाफ भारत महज 13: टेस्ट जीत सका है। भारत को इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने में 39 साल लग गए। 1971 में टीम इंडिया ने अजीत वाडेकर की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज के शुरुआती 2 मैच ड्रा कराए, वहीं आखिरी मुकाबले को जीतकर सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। भारत को इंग्लैंड में पहली सीरीज जीतने से पहले 6 सीरीज गंवानी पड़ी थीं। 1971 के बाद भारत ने इंग्लैंड में 3 लगातार सीरीज गंवाईं, फिर कपिल देव की कप्तानी में 3 टेस्ट की सीरीज 2-0 से जीत ली। इसके बाद भारत ने 2002 में सौरव गांगुली की कप्तानी में 4 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रा खेली, फिर 2007 में अगली ही सीरीज राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीत ली। 2007 में जीत के बाद भारत को एमएस धोनी की कप्तानी में लगातार 2 सीरीज गंवानी पड़ीं।

# एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप के लोगो का किया अनावरण

**चेन्नई, वार्ता।** हॉकी इंडिया और तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्वकप 2025 के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। यहां आयोजित समारोह में हॉकी इंडिया ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 की मेजबानी के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और टूर्नामेंट के लोगो का आधिका. रिक अनावरण भी किया।

आगामी 28 नवम्बर से 10 दिसंबर 2025 तक होने वाला यह दो सप्ताह का टूर्नामेंट चेन्नई और मदुरै शहरों में संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में पहली बार दुनिया भर की 24 टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री थिरु उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि हमें गर्व है कि तमिलनाडु को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए चुना गया है। यह न केवल हमारे राज्य के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। इस तरह के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करना सभी स्तरों पर खेल को समर्थन और विकास देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हॉकी इंडिया के महासचिव ने कहा कि चौथी बार एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की मेजबानी करना एक सम्मान की बात है और प्रमुख खेल आयोजनों के एक भरोसेमंद और जोशीले मेजबान के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है।

# निसांका दोहरे शतक से चूके

**श्रीलंका, वार्ता।** पथुम निसांका (187) की शतकीय और दिनेश चांदीमल (53) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय चार विकेट पर 368 रन का स्कोर खड़ा कर बांग्लादेश को करारा जवाब दिया। यहां सुबह के सत्र में बांग्लादेश को 495 रन के स्कोर पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पथुम निसांका और लहिरू उदारा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। 22वें ओवर में लहिरू उदारा (29) तैजुल इस्लाम ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई।

इसे बाद बल्लेबाजी करने आए दिनेश चांद. ीमल ने पथुम निसांका के साथ दूसरे विकेट लिए 157 रन जोड़े। 51वें ओवर में नईम हसन ने दिनेश चांदीमल (54) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। एंजलो मैथ्यूज (39) तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। हसन महमूद ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे पथुम निसांका को बोल्ड कर बांग्लादेश को बड़ी सफलता दिलाई। पथुम निसां. का ने अपनी 187 रनों की पारी में 256 गेंदों का सामना किया। उन्होंने अपनी पारी में 23 चौके और एक छक्का लगाया। यह दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका के लिए बड़ा झटका रहा। दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका ने 93वें ओवर में चार विकेट पर 368 रन बना लिये है। वह अभी भी बांग्लादेश के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 127 रन पीछे है। कालमडु मेंडिस (नाबाद 37) और कप्तान धनंजय डीसिल्वा (नाबाद 17) क्रीज पर मौजूद है। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम, नईम हसन, हसन महमूद और मोमिनुल हक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बांग्लादेश ने कल के नौ विकेट पर 484 रन आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में बांग्लादेश ने कल के स्कोर में 11 रन जोड़े थे कि असिता फर्नांडो ने नाहिद राणा (शून्य) को विकेटकीपर कुसल मेंडिस के हाथों कैच आउट कराकर बांग्लादेश की पारी का अंत पांच सौ के आंकड़े से पहले 495 के स्कोर पर कर दिया। हसन महमूद सात रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले मुशफिकुर रहीम ने (163), कप्तान नजमुल शान्तो ने (148) रनों की शतकीय तथा लिटन कुमार दास ने (90) रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेलकर बांग्लादेश को बड़ा स्कोर खड़ा करने में अहम योगदान दिया। इन तीनों बल्लेबाजों के अलावा बांग्लादेश का कोई अन्य बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। श्रीलंका की ओर से असिता फर्नांडो ने चार विकेट लिए।

# ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलेंगी जेमिमाह रॉड्रिग्स



● **डब्ल्यूबीबीएल के हुए ड्राफ्ट के दौरान जेमिमाह रॉड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम की स्टार बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 में हिट ब्रिस्बेन के लिए खेलेंगी। डब्ल्यूबीबीएल के गुरुवार को हुए ड्राफ्ट के दौरान रॉड्रिग्स को मेलबर्न स्टार्स ने अपनी पहली पसंद के रूप में चुना था, लेकिन ब्रिस्बेन हीट ने उन्हें रिटेन कर अपनी टीम में बनाये रखा। पिछले वर्ष हीट के लिए खेलते हुए रॉड्रिग्स ने 10 पारियों में 33 की औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से एक अर्द्धशतक सहित कुल 267 रन बनाए थे।

रॉड्रिग्स ने रिटेन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा कि मैं अपने परिवार के साथ वापस जुड़ गई हूं और टीम से जुड़ने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। यह रॉड्रिग्स का चौथा डब्ल्यूबीबीएल सत्र होगा। इससे पहले वह 2021-22 में रेनगेड्स और 2022-23 में स्टार्स की ओर से खेल चुकी हैं। कुल मिलकर उन्होंने इस लीग में 30 मैच की 28 पारियों में 26 को औसत और 121 के स्ट्राइक रेट से 644 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

## चोटिल विंडीज खिलाड़ी हेले मैथ्यूज की होगी सर्जरी

**एंटीगुआ, वार्ता।** वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हेले मैथ्यूज कंधे की चोट की सर्जरी करवाने के लिए कुछ समय के लिए मैदान से बाहर रहेंगी। मैथ्यूज को इंग्लैंड दौरे के पहले एकदिवसीय मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी, जिसके कारण वह सीरीज के बाकी मैच नहीं खेल पाई थीं। कैरिबियाई 27 वर्षीय मैथ्यूज दक्षिण अफ्रीका के साथ घरेलू एकदिवसीय सीरीज के लिए वापस लौटीं। हालांकि वह आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप में वेस्टइंडीज की टीम हिस्सा नहीं होगी। मैथ्यूज सर्जरी कराकर 2026 तक पूरी तरह से फिट होना चाहती हैं।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 20 जून 2025

# अमेरिका का आचरण

अमेरिका का एक बार फिर दोहरा चरित्र सामने आया है। इस समय पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर अमेरिका के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को उनके सम्मान में न सिर्फ व्हाइट हाउस में लंच दिया, बल्कि उनकी जमकर तारीफ भी की। लंच देने से कुछ घंटे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रम्प के बीच 35 मिनट तक फोन पर बात हुई थी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाक सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीज फायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प मुनीर से मुलाकात के बाद मीडिया में एक बार फिर कह बैठे कि यह युद्ध उनके प्रयासों से ही समाप्त हुआ था।

यह बात अलग है कि उन्होंने इसके लिए आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री मोदी की यह कहकर प्रशंसा भी की कि इनकी सूझबूझ और दूरदर्शिता के बीच ही सीजफायर संभव हो पाया था। मतलब साफ है कि अमेरिका की नजर में भारत और पाक एक समान हैं। इनमें कोई अंतर नहीं है, जबकि दुनिया जानती है कि पाक किस तरह आतंकवाद की पनाहगाह बना हुआ है, लेकिन लगता है कि अमेरिका को इससे कोई मतलब नहीं है। उसके लिए अपने हित सर्वोपरि हैं। निश्चित रूप से ट्रम्प का यह व्यवहार भारत के लिए किसी से झटके से कम नहीं है। जाहिर है, जिस तरह का वातावरण बना हुआ है, इससे भारत में राजनीति तो गर्मानी ही थी, जो गर्माती भी दिखाई दे रही है। विपक्ष भारत की विदेश नीति को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

आरोप लगा रहा है कि यह भारत की विदेश नीति में कमी ही कही जाएगी कि विश्व में हम अकेले पड़ते जा रहे हैं। जिस ट्रम्प का हम कल तक गुणगान करते नहीं थकते थे वह भारत पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की होड़ में पीएम मोदी को बार-बार असहज कर रहा है। एक नहीं बल्कि 13 बार वह ऐसा अनेक अवसरों पर कह चुके हैं। अमेरिका में नहीं जब वह अमेरिका के बाहर दौरे पर होते हैं, तब भी वह यह कहते नहीं थकते कि उन्होंने ही भारत पाक के बीच सीजफायर कराया और उसका कारण भी बताते हैं कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर दोनों को सहमत होने के लिए मजबूर किया।

पाक के आर्मी चीफ आसिम मुनीर तो ट्रम्प के मेजबानी से इतने गदगद हैं कि उन्होंने उनको नोबेल पुरस्कार भी देने की बात कह डाली। उनकी नजर में जिस तरह उन्होंने शांति के लिए भारत-पाक के बीच युद्ध रोकने में मदद की उसके चलते ट्रम्प नोबेल पुरस्कार के हकदार हैं। ट्रम्प जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं वह भी चौंकाने वाले हैं। जैसाकि उन्होंने आसिम मुनीर की मौजूदगी में कहा कि इन दो बहुत चतुर लोगों ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था। जाहिर है, यह पूरा परिदृश्य बताता है कि भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। जहां तक बात भारत सरकार की है चाहे वह इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करे या न करे लेकिन उसकी तरफ से जिस तरह के संकेत आए हैं वह भ्रम की स्थिति ही पैदा कर रहे हैं और विपक्ष को हमलावर होने का मौका दे रहे हैं।

## भारत की विदेश नीति और उसके राष्ट्रीय हित पर ध्यान



पार्टी के कुछ नेताओं के साथ उनके मतभेद हैं, वे लोग कौन हैं, जिनके बारे में मैं बात कर रहा हूं। उन्हें आप (मीडिया वाले) अच्छे से जानते हैं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक डोमेन में हैं, कांग्रेस पार्टी और उसके सिद्धांत उन्हें पसंद हैं, 16 साल तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वे उन्हें अपना करीबी दोस्त और भाई मानते हैं, ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में जो डेलीगेशन कई देशों में गए थे और वहां क्या चर्चा हुई, इस बारे में हमारी पीएम से बात हुई, जब वे संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बने थे, तब उन्होंने साफ कर दिया था उनका ध्यान भारत की विदेश नीति और उसके राष्ट्रीय हित पर है, न कि कांग्रेस-भाजपा की विदेश नीति पर। **-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद**

# जीवनरक्षक घोल ने दुनिया को बदल दिया

हाल ही में एक गांव में फूड पॉइजनिंग हुआ। एक सामूहिक भोज में साफ-सफाई न होने की वजह से कई लोग बीमार हो गए और अगले ही दिन दर्जनों लोगों में अतिसार जैसे लक्षण दिखने लगे। इससे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। कई लोगों को अस्पताल ले जाना पड़ा, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में आए अधिकतर रोगियों को पाउडर का एक छोटा पैकेट दिया गया और उसे पानी में घोलकर पीने की विधि बताकर घर वापस भेज दिया गया।

आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व ऐसा कोई भी हादसा लोगों में दहशत और हताशा फैला देता था। उस समय अतिसार से विश्व में हर वर्ष 50 लाख बच्चों की मौतें होती थीं। हालांकि इलाज पर शोध चल रहा था, पर केवल एक ही कारगर इलाज उपलब्ध था-इंट्रावीनस पुनर्जलन (सलाइन चढ़ाना), यह तरीका महंगा था और गिने-चुने अस्पतालों में ही उपलब्ध होता था, खासकर गरीब और दूर-दराज के इलाकों के लिए तो यह नामुमकिन था। इस स्थिति में लोग गाजर का सूप, कैरब का आटा, सूखे केले और यहां तक कि भूखे रहने जैसे घरेलू इलाज आजमाते थे, लेकिन इनसे कोई खास फायदा नहीं होता था।

इनमें सबसे डरावना संक्रमण था ब्लू डेथ यानी हैजा। यह बीमारी बहुत तेजी से फैलती थी और कुछ ही दिनों में पूरे गांव-शहर को तबाह कर सकती थी। 1971 के भारत-बांग्लादेश युद्ध के बाद, जब शरणार्थी शिविरों में साफ पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं, तब वहां हैजा फैला। डॉक्टर दिलीप महलनोबीस उस समय सीमा के पास एक अस्थाई अस्पताल चला रहे थे।

बीमारी फैलने के पश्चात जल्दी ही अस्पताल में सलाइन (आईवी ड्रिप) खत्म हो गई। पर्याप्त उपकरण और प्रशिक्षित लोगों के अभाव में डॉ. महलनोबीस ने एक अलग रास्ता चुना। उनकी टीम ने नमक और ग्लूकोज के मिश्रण के पाउच बनाए और मरीजों को दिए। साथ ही उन्होंने मरीज के परिजनों को सिखाया कि इसे पानी में कैसे घोलना है और मरीज को पिलाना है। उन्होंने हैजा की चपेट में आए दूसरे इलाकों में भी यह विधि साझा की।

इसके परिणाम हैरतअंगेज थे, जहां पहले हैजा से 30 प्रतिशत मरीजों की मौत हो जाती थी, वहीं इस साधारण घोल से यह दर घटकर 3.6 प्रतिशत रह गई। डॉ. महलनोबीस का छोटे स्तर पर किया गया यह प्रयोग, जल्दी ही दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया। इसने मौजूदा अनुसंधानों को नया जीवन दे दिया। दुनियाभर के डॉक्टरों ने इस विचार को अपनाया और 1978 में जीवन रक्षक घोल यानी ओआरएस (ORS) को विश्व स्वास्थ्य संगठन के डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा बना दिया गया। आज यूनिसेफ हर साल लगभग 10 करोड़ ओआरएस के पैकेट बांटता है।



### एक चमत्कारी उपाय

पचास साल बाद भी ओआरएस एक बेहतरीन जनस्वास्थ्य उपाय बना हुआ है। यह आसानी से उपलब्ध है, सस्ता है, इसे थोड़ा-सा प्रशिक्षण लेकर कोई भी इस्तेमाल कर सकता है और समुदाय में इसे आसानी से स्वीकार भी किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन इसका एक मानक फॉर्मूला बनाए रखता है और जरूरत के अनुसार उसमें बदलाव करता रहता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे कम संसाधनों वाले क्षेत्रों में भी सही दिशा-निर्देशों के साथ आसानी से बनाया और इस्तेमाल किया जा सकता है। महंगे इलाज की तुलना में ओआरएस बहुत सस्ता पड़ता है-यह मरीजों के लिए भी किफायती है और सरकारी स्वास्थ्य बजट पर भी कम बोझ डालता है।

प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्यकर्मी माता-पिता व देखभाल करने वालों को आसानी से इसकी जानकारी दे सकते हैं। घर पर देखभाल के जरिए, अगर शुरुआती लक्षणों को पहचान लिया जाए, तो एक व्यवस्थित और जमीनी स्तर से स्वास्थ्य सेवा दी जा सकती है। ओआरएस का इस्तेमाल आसान है, जोखिम लगभग न के बराबर है, इसलिए आम लोगों के लिए यह बेहद उपयोगी और सहज उपाय है।

ओआरएस का असर साफ दिखाई देता है। शुरुआती आशंकाओं के बावजूद यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या का बेहद सरल और प्रभावी समाधान है। पांच वर्ष से छोटे बच्चों की मौतों में 32 प्रतिशत की कमी का श्रेय ओआरएस को जाता है। इसके साथ ही अतिसार की वजह से अस्पताल में भर्ती होने वाले मामलों में भी गिरावट देखी गई है। ओआरएस का उपयोग अचानक होने वाले अतिसार के इलाज के लिए तो सुस्थापित है ही, यह कुपोषण के इलाज में भी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि लंबे समय तक अतिसार का कुपोषण से गहरा सम्बंध है। ऐसा माना जाता है कि ओआरएस ने दुनियाभर में 5 करोड़ बच्चों की जान बचाई है। अगर ओआरएस का उपयोग सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंच जाए, तो अतिसार से होने वाली 93 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है।

### रुकावटें

ओआरएस एक असरदार इलाज है। देश में बढ़ते तापमान और ग्रीष्म लहरों के मद्देनजर इसकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण है, फिर भी इसके उपयोग में कई रुकावटें हैं। वर्ष 2012 में भारत में केवल 22 प्रतिशत लोगों तक ही ओआरएस की पहुंच थी। कई स्वास्थ्य अभियानों के बाद 2016 तक यह 48 प्रतिशत हो गई, लेकिन अभी भी मंजिल दूर है। दूसरी समस्या यह है कि लोग। चाहे डॉक्टर हों या मरीज, ओआरएस की प्रभावशीलता को कम आंकते हैं। इसलिए, जब केवल ओआरएस और जिंक से इलाज संभव होता है, तब भी कई बार गैर-जरूरी एंटीबायोटिक दवाइयां दी जाती हैं। इससे ना सिर्फ ओआरएस के फायदे अनदेखे रह जाते हैं, बल्कि दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया भी बढ़ते हैं, जो भविष्य में और बड़ी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। ओआरएस को कैसे और कितनी मात्रा में इस्तेमाल करना है, इसकी जानकारी न होना एक और बड़ी चुनौती है। नतीजा यह होता है कि देखभाल करने वालों को अधूरी सलाह मिलती है। घर पर इलाज तभी सफल हो सकता है जब जानकारी सही और पूरी हो। इसके लिए केवल एक बार प्रशिक्षण देना काफी नहीं है, समय-समय पर पुनः प्रशिक्षण भी जरूरी होते हैं, ताकि समुदाय में एक सक्षम स्वास्थ्य कार्यकर्ता समूह बना रहे। ओआरएस के उपयोग में सरकारी और निजी स्वास्थ्य तंत्रों के बीच भी अंतर देखने को मिलता है। आंकड़े बताते हैं कि समय के साथ, निजी अस्पतालों में आने वाले मरीजों में ओआरएस का उपयोग घटा है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि भले ही निजी डॉक्टर ओआरएस लेने की सलाह देते हैं, लेकिन अक्सर वे अपने क्लीनिक या अस्पताल में इसे उपलब्ध नहीं कराते। साथ ही, जब आम लोग ओआरएस के फायदों को कम आंकते हैं, तो वे उसे लेना जरूरी नहीं समझते। इसके विपरीत, सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में अक्सर ओआरएस के पैकेट वहीं दे दिए जाते हैं, जिससे उनका उपयोग बढ़ता है। इसके अलावा, सरकार आम तौर पर बच्चों को ही ओआरएस देने पर ध्यान केंद्रित करती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पहले अतिसार से होने वाली मौतें ज्यादातर 5 साल से छोटे बच्चों में होती थीं, लेकिन अब जैसे-जैसे अतिसार से होने वाली मौतें कम हो रही हैं और लोगों की औसत उम्र बढ़ रही है, वैसे-वैसे बुजुर्गों में भी अतिसार से मृत्यु का खतरा बढ़ गया है। ऊपर से, जलवायु परिवर्तन और गर्मी से जुड़ी बीमारियों के चलते अब ओआरएस सभी उम्र के लोगों के लिए जरूरी हो गया है।

**-राधिका शर्मा**
**(स्रोत फीचर्स)**

# हमें मित्र सोच-समझकर बनाने चाहिएं

**जब हम गर्म होना चाहते हैं तो हम आग के पास बैठते हैं। जब हम ठंडा होना चाहते हैं तो वातानुकूलक या बर्फ की सिल्ली के पास बैठते हैं। जब हम आध्यात्मिक जीवन जीना चाहते हैं तो हम आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति ढूंढ सकते हैं और उनके साथ समय बिता सकते हैं। अगर सौभाग्य से हमें किसी ऐसे की संगति मिले जोकि आध्यात्मिक अनुभवों को पा चुका है तो वह संगति और भी अच्छी है। ऐसे व्यक्ति से रूहानियत चारों ओर प्रसारित होती है।**

कुछ स्थानों पर लोग एक उच्च किस्म के गुलाब के साथ निम्नतर किस्म का गुलाब का पौधा लगा देते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि निम्नतर किस्म के गुलाब का परागण अपने ही परागों से न हो जाए ताकि निम्नतर किस्म के गुलाब का वंश न चलता रहे। इस धारणा को यह रूपरेखा दी गई है ताकि परागण उच्चतर किस्म के गुलाबों से हो और निम्नतर किस्म के गुलाब का स्तर ऊंचा हो सके। यह सिद्धांत हमारे अपने जीवन में भी हमारा मार्गदर्शन कर सकता है। यह कहा गया है कि कोई इंसान अपनी संगति से जाना जाता है। अगर हम अमीर बनना चाहते हैं तो हमें धनवान लोगों की सोहबत करनी चाहिए।

ऐसा करके हम उनके जैसे सोचने और उनके जैसे कार्य करने लगेंगे और हो सकता है, हम भी अमीर हो जाएं। अगर हम धावक बनना चाहते हैं तो हमें धावकों के साथ समय बिताना चाहिए। इस प्रकार हम उनके जैसा जीवन बिताने को प्रेरित होंगे। हम पाएंगे कि हम अधिक कसरत करेंगे, अपने आपको बलिष्ठ करेंगे, आहार पर ध्यान देंगे और दौड़ने का अभ्यास करेंगे। अगर हम लेखक बनना चाहते हैं तो हमें लेखकों की संगति में रहना चाहिए और उस कला का अनुसरण करने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। इसी प्रकार अगर हम आध्यात्मिक रूप से विकसित होना चाहते हैं तो हमें ऐसे लोगों की संगति में रहना चाहिए जो स्वयं आध्यात्मिक रूप से विकसित हो चुके हैं। ऐसे लोगों के बीच में हम आत्मा-परमात्मा के सोच-विचार में अधिक समय व्यतीत करेंगे, आध्यात्मिक विषयों पर बातचीत करेंगे और आध्यात्मिक अभ्यासों में समय बिताएंगे। अगर हम किसी ऐसे के साथ समय व्यतीत करेंगे, जो ध्यान-अभ्यास करता हो, तो हो सकता है हम भी ध्यान-अभ्यास करने लगें। अगर हम उन लोगों की संगति में रहेंगे जो सदाचारी जीवन और सद्गुणों को महत्त्व देते हैं तो हम पाएंगे कि हम भी वैसा ही करने लगेंगे। हम अपनी संगति पर ध्यान दें। क्या हम ऐसे मित्र चुनते हैं जो कि हमारे व्यक्तिगत विकास के लिए हमें गलत विकल्पों की ओर ले जाते हैं या हम ऐसे दोस्त चुनते हैं जो हमें आध्यात्मिक जीवन जीने में मदद करते हैं? जब हम गर्म होना चाहते हैं तो हम आगे के पास बैठते हैं। जब हम ठंडा होना चाहते हैं तो वातानुकूलक या बर्फ की सिल्ली के पास बैठते हैं। जब हम आध्यात्मिक जीवन जीना चाहते हैं तो हम आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति ढूंढ सकते हैं और उनके साथ समय बिता सकते हैं। अगर सौभाग्य से हमें किसी ऐसे की संगति मिले जोकि आध्यात्मिक अनुभवों को पा चुका है तो वह संगति और भी अच्छी है। ऐसे व्यक्ति से रूहानियत चारों ओर प्रसारित होती है, जिसके द्वारा हम रूहानी तौर से जाग सकते हैं।




ऐसी हस्ती के नजदीक आकर हमारा ध्यान जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों की ओर जाता है। वहां का वातावरण सीधे हमारी आत्मा से संपर्क करता है। जो कोई अपनी आत्मा को जान लेता है, उसकी ओर हमारी आत्मा खिंची जाती है। उसकी चुंबकीय शक्ति हमें ऊपर खींच लेती है और हमारा ध्यान अंतर में मौजूद रूहानी खज़ानों की ओर टिक जाता है। अगर हम अपने ध्यान-अभ्यास में सुधार चाहते हैं तो हम सोचें कि हम अपना समय कैसे बिताते हैं। अगर हम समय आध्यात्मिक रूप से जागृत और अध्यात्म में रूचि रखने वाले व्यक्तियों के साथ बिताते हैं तो हम पाएंगे कि हमारा ध्यान अधिक एकाग्र रहेगा और हमारा ध्यान-अभ्यास अधिक फल देगा। अपनी संगति को समझदारी से चुनकर हमें आध्यात्मिक पथ पर तरक्की करने में मदद मिलेगी।

**...साभार प्रभा**

# अमेरिका की डिप्लोमैटिक चाल, लंच टेबल पर पेश हुआ ईरान

पाकिस्तान के सोकोल्ड फिल्ड मार्शल आसीम मुनीर को डोनाल्ड ट्रंप ने लंच पर बुलाया। इससे पाकिस्तान में दिवाली जैसा माहौल बन गया, लेकिन पाकिस्तान भूल गया कि ट्रंप बिना मतलब के किसी को अपने पास बैठाता नहीं है तो लंच तो बहुत दूर की बात है। अब इस डिपलोमैटिक चाल का मतलब समझ में आने लगा है। पेंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टिट्यूट के वरिष्ठ फेलो माइकल रुबिन ने कहा है कि अमेरिकी सेनाओं को ईरान में प्रवेश कर उसके परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भी संभावना है कि युद्ध समाप्त होने के बाद पाकिस्तान को ईरान की परमाणु आपूर्ति मिल जाए। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान को सहयोग के लिए या ईरानी परमाणु-समृद्ध सामग्री प्राप्त करने के लिए भुगतान न करने का आह्वान किया। रुबिन ने ईरान और पाकिस्तान को प्रतिस्पर्धी कहा, जबकि दोनों देश कभी-कभी सहयोग करते हैं।



उनकी टिप्पणी इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के बीच आई है, जो गुरुवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गया, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस बात पर जोर देते हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता। रुबिन ने कहा कि आतंकवाद से लड़ने में पाकिस्तान को सहयोगी कहना वास्तविकता नहीं बल्कि कूटनीतिक बयानबाजी है और यहां तक कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पूर्व सोवियत संघ के प्रधानमंत्री जोसेफ स्टालिन को अपना करीबी सहयोगी बताया था। ट्रम्प और यूएस सेंट्रल कमांड के प्रमुख की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें उन्होंने आतंकवाद से निपटने में पाकिस्तान को अमेरिका का करीबी सहयोगी घोषित किया था, रुबिन ने जवाब दिया, याद रखें कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट ने जोसेफ स्टालिन के बारे में एक करीबी सहयोगी के रूप में बात की थी। यह कूटनीतिक बयानबाजी है।

यह वास्तविकता नहीं है। हर कोई पाकिस्तान को वैसा ही देखता है जैसा वह है, सिवाय शायद डोनाल्ड ट्रम्प के। इसलिए जबकि डोनाल्ड ट्रम्प और यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर पाकिस्तान के कान में मीठी-मीठी बातें फुसफुसा सकते हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वे पाकिस्तान से कुछ चाहते हैं। मैं जो तर्क दे रहा हूं वह यह है कि पाकिस्तान से हमें जो कुछ भी मिल सकता है वह पाकिस्तान को सहयोगी के रूप में रखने की कीमत के लायक नहीं है। पाकिस्तान के संदर्भ में अमेरिका द्वारा किए जा सकने वाले लाभ के बारे में आगे पूछे जाने पर उन्होंने कहा, जब बात इजरायल-ईरान संघर्ष की पृष्ठभूमि में राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा पाकिस्तान से संपर्क साधने की आती है, तो संयुक्त राज्य अमेरिका का वर्तमान रुख यह है कि ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से त्याग देना चाहिए।

एक तरफ, यह पाकिस्तान का हित हो सकता है। मैं 1998 के पाकिस्तान परमाणु परीक्षणों के तुरंत बाद ईरान में रहा था और उस समय अधिकांश ईरानियों ने सोचा था कि वे परीक्षण ईरान के खिलाफ ही थे। ईरान और पाकिस्तान प्रतिस्पर्धी हैं, भले ही कभी-कभी वे एक-दूसरे का सहयोग करते हुए पाए जाते हों, तो क्या ईरान का अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ना पाकिस्तान के हित में है?

हां। राष्ट्रपति ट्रम्प शायद यही तर्क दे रहे हैं। हालांकि अगर यह पाकिस्तान के अपने हित में है, तो हमें पाकिस्तान को उसके हित में जो हासिल करना है, उसके लिए एक भी डॉलर नहीं देना चाहिए। साथ ही, अगर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है, तो इसके लिए अमेरिकी सेना, विशेष बलों की घुसपैठ की जरूरत हो सकती है, और हमें इसके लिए अनुमति मिल सकती है। अगर हम युद्ध समाप्त होने के बाद ईरान की परमाणु आपूर्ति को ट्रक से बाहर ले जाने जा रहे हैं, तो उन आपूर्तियों को कहीं न कहीं जाना होगा और इसलिए शायद इस बात पर कुछ चर्चा हो रही है कि पाकिस्तान को वे आपूर्तियां मिल सकती हैं। फिर से, परिस्थिति कक्ष या विदेश मंत्रालय के बोर्डरूम, कॉन्फ्रेंस रूम में जो अच्छा लगता है, वह वास्तव में जरूरी नहीं है। ऐसा कोई तरीका नहीं है कि पाकिस्तान को सहयोग के लिए भुगतान किया जाए या उसे ईरान की किसी भी परमाणु समृद्ध सामग्री का प्राप्तकर्ता बनाया जाए, उन्होंने आगे कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार (स्थानीय समय) को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ लंच मीटिंग की।

उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की कि व्हाइट हाउस में हुई इस मीटिंग में उन्होंने असीम मुनीर के साथ ईरान के मुद्दे पर भी चर्चा की। मुनीर से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान ईरान को ष्बहुत अच्छी तरह से जानता है और वे किसी भी बात से खुश नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने ईरान पर चर्चा की, तो ट्रंप ने कहा, हां, वे ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, ज्यादातर लोगों से बेहतर। वे किसी भी बात से खुश नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि वे इजराइल के साथ बुरे हैं। वे दोनों को जानते हैं, वास्तव में, लेकिन वे शायद ईरान को बेहतर जानते हैं, लेकिन, वे देखते हैं कि क्या हो रहा है, और वे मुझसे सहमत हैं। जैसा कि ईरान और इजराइल ने हमले जारी रखे हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को अमेरिकी विकल्पों पर चर्चा करने के लिए एक सिचुएशन रूम मीटिंग की, सीएनएन ने बताया। गुरुवार को, इजराइल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि वायु सेना तेहरान और ईरान के अन्य हिस्सों में हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दे रही है। इससे पहले, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा था कि तेहरान पर हवाई रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी गई है। 13 जून को, इजराइल ने ईरानी सैन्य और परमाणु स्थलों पर एक बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया, जिसे ऑपरेशन राइजिंग लॉयन नाम दिया गया। इससे पहले, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया है, जो इजरायल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को खत्म करने के लिए एक लक्षित सैन्य अभियान है। उन्होंने कहा कि यह मिशन इस खतरे को खत्म करने के लिए जितने दिन लगेंगे उतने दिन तक जारी रहेगा। जवाब में, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स ने बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल ऑपरेशन ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 शुरू किया, जिसमें इजरायली लड़ाकू जेट ईंधन उत्पादन सुविधाओं और ऊर्जा आपूर्ति केंद्रों को निशाना बनाया गया, ईरानी समाचार एजेंसी IRNA ने बताया। यह हमले इजरायली आक्रामकता के खिलाफ सीधे जवाबी कार्रवाई में किए गए थे।



**अक्षत श्रोत्री**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### नोबेल की चाहत में पाक आर्मी चीफ के साथ ट्रम्प की गलबहियां

# ट्रम्प की मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की है। यह मुलाकात मुनीर के ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है।

उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था। आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं। ट्रम्प से उनकी मुलाकात से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले आपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीजफायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं। मुनीर की तारीफ में ट्रम्प बोले: संघर्ष रोकने में इनकी अहम भूमिका मुनीर से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने व्हाइट हाउस लान में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि इस आदमी ने पाकिस्तान की तरफ से इसे (भारत-पाकिस्तान लड़ाई) रोकने में अहम भूमिका निभाई। ट्रम्प ने बताया कि मुनीर के साथ उनकी ईरान-इजरायल संघर्ष पर भी चर्चा हुई। मुनीर से मुलाकात से पहले भी ट्रम्प ने मीडिया से बात की थी। तब उन्होंने कहा, श्मैंने उन्हें (मुनीर) यहां इसलिए बुलाया है क्योंकि मैं उन्हें भारत के साथ युद्ध में नहीं उतरने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जो कुछ दिन पहले ही यहां से गए हैं। ट्रम्प ने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं। इन दो बहुत ही चतुर लोगों (पीएम मोदी और आसिम मुनीर) ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था।

पाकिस्तान और भारत दो बड़ी परमाणु शक्तियां हैं। अमेरिका में मुनीर के खिलाफ पाकिस्तानियों ने नारेबाजी की इससे पहले मुनीर ने मंगलवार को वाशिंगटन में पाकिस्तानी समुदाय को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा: भारत पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगाकर सीमा उल्लंघन कर रहा है। हम शहादत स्वीकार करेंगे, लेकिन अपमान नहीं। मुनीर ने ईरान-इजरायल युद्ध खत्म करने की वकालत की और अमेरिका के साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी की तारीफ की। हालांकि पाकिस्तानियों को संबोधित करने के दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया।



**■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल प्राइज मिलना चाहिए उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाया: आसिम मुनीर**

## ट्रम्प को नहीं है इतिहास की समझ

**■ नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की लालसा से हैं वशीभूत: रुबिन**

**वाशिंगटन।** पेंटागन के पूर्व अधिक. ारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ शोधार्थी माइकल रुबिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में आमंत्रित करने के फैसले को गलत करार देते हुए कहा है कि ट्रम्प को इतिहास की समझ नहीं है और वह नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की लालसा से वशीभूत होकर फैसले कर रहे हैं। रुबिन ने एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका का मतलब केवल अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं, बल्कि अमेरिकी कांग्रेस है जो द्विदलीय है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को जायज और राष्ट्रपति ट्रम्प के पाकिस्तान की प्रशंसा वाले बयान को निरर्थक बताया है। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकी संगठनों को पनाह और प्रायोजन तुरंत बंद करने की नसीहत भी दी।

रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान को मेरी सलाह है कि वह अपने आतंकवादी प्रायोजन को बंद कर दे। यह किसी भी विश्व नेता का लाभ उठाने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। वास्तव में हम इसे पाकिस्तान की अपनी आंतरिक कलह के साथ देखते हैं कि उसने इसकी बहुत कीमत चुकाई है।

### भारी बारिश...



खूंटी। झारखंड के खूंटी जिले के तोरपा में भारी बारिश के कारण बनई नदी पर बना पुल टूट गया जिस पर फंसा खड़ा एक ट्रक।

## ईरानी हमले का निशाना सैन्य ठिकाने, अस्पताल नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि दक्षिण इजरायल पर किए गए ईरानी हमलों का निशाना इजरायली सैन्य खुफिया ठिकाने थे और अस्पताल को निशाना नहीं बनाया था। ईरान की सरकारी समाचार समिति इरना ने गुरुवार को बताया कि मीडिया की कुछ रिपोर्टों में इस प्रकार की गलत जानकारी दी जा रही है। ईरान के अनुसार, हमले इजरायली सेना के सी41 टेलीकम्युनिकेशन कॉर्प्स मुख्यालय और एक खुफिया इकाई पर किए गए थे। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि जिस अस्पताल की चर्चा हो रही है, वह धमाके के असर से प्रभावित हुआ। इससे पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि ईरानी मिसाइल ने दक्षिण इजरायल के बेर्शेबा शहर में स्थित सोरोका मेडिकल सेंटर को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ है। इस बीच इजरायली मीडिया ने टूटी हुई खिड़कियों और काले धुएं की तस्वीरें भी जारी की हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि हमले में कितने लोग घायल हुए हैं। ईरानी सरकारी टेलीविज़न ने बताया कि इज़रायल ने जवाबी कार्रवाई में ईरान के अराक भारी जल (हेवी वॉटर) संयंत्र पर हमला किया।

## रूस ईरान के परमाणु विकास कार्यक्रम में सहयोग का इच्छुक

**■ अंतिम निर्णय संबंधित देशों के राजनीतिक नेतृत्व पर निर्भर करता है**

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस इजरायल की सुरक्षा चिंताओं का ध्यान रखते हुए ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु विकास कार्यक्रम में सहयोग करने को तैयार है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यहां प्रमुख वैश्विक समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक के दौरान यह बात कही।

रूसी राष्ट्रपति ने इस बारे में किसी भी प्रकार के ब्यौरे का खुलासा किए बिना पुष्टि की कि रूस ने इजरायल और अमेरिकी अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की है और अपने ईरानी समकक्षों को इस आशय के प्रस्तावों से अवगत भी कराया है। उन्होंने कहा सामान्य तौर पर शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में ईरान के हितों को पूरा करना और साथ ही इजरायल की राष्ट्रीय सुरक्षा संबधी चिंताओं का ध्यान रखना संभव है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस ने ईरान की परमाणु गतिविधियों पर 'आसपास' के क्षेत्रों में चल रहे तनावों के लिए 'संभावित समाधान' का प्रस्ताव दिया है। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतिम निर्णय संबंधित देशों के राजनीतिक नेतृत्व पर निर्भर करता है। पुतिन ने कहा कि रूस और ईरान के बीच गहरा विश्वास कृषि और चिकित्सा सहित परमाणु प्रौद्योगिकियों के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग की अनुमति देता है। पुतिन ने ईरान के असैन्य परमाणु कार्यक्रम में रूस की दीर्घकालिक भागीदारी को भी याद किया जिसमें बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र का पूरा होना भी शामिल है। मूल रूप से जर्मन फर्मों द्वारा डिजाइन की गई इस परियोजना को बाद में रूस के राज्य परमाणु निगम, रोसाटॉम ने पूरा किया था।

## चार साल में 50 लाख शरणार्थी लौटे अफगानिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले चार वर्षों के दौरान 50 लाख से अधिक लोग शरणार्थी का दर्जा त्याग कर वतन वापस लौटे हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मुतालिब हक्कानी ने दी यह जानकारी दी है। अफगानिस्तान के सरकारी रेडियो एवं टेलीविजन (आरटीए) ने बुधवार रात हक्कानी के हवाले से कहा कि इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान द्वारा सत्ता संभालने के बाद से 310000 परिवार, जिनकी संख्या कुल सदस्य संख्या 2848000 है, पाकिस्तान, ईरान और तुर्की से अपने वतन अफगानिस्तान लौट आए हैं।

## ईरान में इजरायल के लिए काम करने वाले 18 लोग गिरफ्तार

**तेहरान।** इजरायल के लिए जासूसी करने और कामिकेज़ ड्रोन के डिजाइन करने के आरोप में 18 लोगों को ईरान के पूर्वोत्तर प्रांत रज़ावी खोरासान के मशहद शहर में हिरासत में लिया गया है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

वहीं आईएसएनए समाचार एजेंसी ने अपनी बताया कि ईरान के खुफिया विभाग ने दक्षिण-पश्चिमी कोगिलुयेह और बोयर-अहमद प्रांत में इजरायल के लिए काम कर रहे एक संगठित समूह को मार गिराया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समूह के सदस्यों ने ईरान के विभिन्न शहरों में हथियार और प्रचार पत्रक वितरित करने की योजना बनाई थी। गौरतलब है कि इजरायल ने 13 जून को तड़के ईरान के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया और ईरान पर एक गुप्त सैन्य परमाणु कार्यक्रम को लागू करने का आरोप लगाया गया। इजरायली वायु सेना ने तेहरान सहित पूरे ईरान में कई हमले किए थे। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इस हमले को अपराध बताया और इजरायल को कड़े और और भयानक परिणाम भुगतने की धमकी दी।



ईरान ने 13 जून की शाम को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 शुरू करके जवाबी कार्रवाई की, जिसमें इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने 18 जून को कहा था कि एजेंसी ने इस बात के ठोस सबूत नहीं देखे हैं कि ईरान के पास सक्रिय परमाणु हथियार कार्यक्रम है।

## भारत-क्रोएशिया का आतंकवाद के वित्त पोषण नेटवर्क को ध्वस्त करने का आह्वान

**■ दोनों पक्षों ने की आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा**

**जागरेब।** भारत और क्रोएशिया ने आतंकवाद वित्त पोषण नेटवर्क को बड़ा खतरा बताते हुए संयुक्त राष्ट्र, वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से इस पर लगाम लगाने, आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों तथा बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और आतंकवाद के दोषियों को शीघ्र न्याय के कठघरे में खड़ा करने का आह्वान किया है।

तीन देशों साइप्रस, कनाड़ा और क्रोएशिया की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर बुधवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रोएशियाई प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस वार्ता के बाद जारी वक्तव्य में दोनों नेताओं ने सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए यह आह्वान किया। दोनों पक्षों ने चार समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए। इनमें कृषि सहयोग पर समझौता ज्ञापन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग कार्यक्रम,सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और जागरेब विश्वविद्यालय में हिंदी चेयर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन शामिल है।

वक्तव्य में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की यात्रा ने द्विपक्षीय साझेदारी को नई गति दी है, जिससे पता चला है कि दोनों अर्थव्यवस्था विशेष रूप से पर्यटन, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में एक दूसरे की पूरक हैं। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद समर्थन और एकजुटता के लिए प्रधानमंत्री प्लेनकोविच और क्रोएशिया को धन्यवाद दिया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय और सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। उन्होंने आतंकवाद को कतई न बर्दाश्त करने के दृष्टिकोण को दोहराया और इसके औचित्य को किसी भी परिस्थिति में सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराए जाने पर जोर देते हुए आतंकवादियों को 'प्रॉक्सी' के रूप में इस्तेमाल करने की निंदा की।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र वैश्विक आतंकवाद रोधी रणनीति, आतंकवाद से संबंधित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, प्रोटोकॉल और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के पूर्ण कार्यान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। दोनों ने संयुक्त राष्ट्र, एफएटीएफ और क्षेत्रीय तंत्रों के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क पर लगाम लगाने, आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने, आतंकवादी बुनियादी ढांचे को खत्म करने और आतंकवाद के अपराधियों को तुरंत न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

## ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन हवाई अड्डे पर जेट ब्रिज से टकराया विमान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन क्वांटास का एक विमान बुधवार रात ब्रिस्बेन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेट ब्रिज से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय मीडिया ब्रिस्बेन टाइम्स ने गुरुवार सुबह अपनी रिपोर्ट बताया कि बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम करीब 6:40 बजे न्यूजीलैंड के क्वीन्सटाउन से ब्रिस्बेन में उतरने के बाद फ्लाइट क्यूएफ 186 ने जेट ब्रिज को टक्कर मार दी। अखबार द्वारा गुरुवार को प्रकाशित तस्वीरों से पता चलता है कि इस घटना में बो. इंग 737-800 की विडस्क्रीन टूट गई। किसी के घायल होने की खबर नहीं है और यात्री सीढ़ियों के रास्ते विमान से उतर गए।

## बाली हवाई अड्डे पर उड़ान सेवा फिर से शुरू

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के रिसॉर्ट द्वीप बाली के आई गुस्ती नगुराह राय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवा गुरुवार को फिर से बहाल हो गई हैं। हवाई अड्डे और एक सरकारी संस्थान ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

दरअसल पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में स्थित माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी पर ज्वालामुखी विस्फोट का असर कम होने के कारण विमान सेवा को फिर से शुरु करने का फैसला किया गया। आई गुस्ती नगुराह राय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संचार और कानूनी प्रभाग के प्रमुख गेडे एका सैंडी असमादी ने इसकी पुष्टि की और उन्होंने कहा कि उड़ान सेवा फिर से बहाल कर दिई गई है। आज हवाई अड्डे की वेबसाइट पर अंतर्राष्ट्रीय या घरेलू उड़ानों के रद्द होने की कोई रिपोर्ट नहीं थी। उन्होंने कहा कि माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी ज्वालामुखी विस्फोट के कारण पहले रद्द की गई कई एयरलाइन उड़ानें धीरे-धीरे संचालन में वापस आ गई हैं। ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने कहा कि माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी ने मंगलवार की गतिविधि के बाद धीरे-धीरे ज्वालामुखी विस्फोट का असर कम हो गया है, जिससे राख का एक कॉलम आकाश में 10 किलोमीटर तक ऊपर तक फैल गया। केंद्र के अनुसार गुरुवार को विस्फोट जारी रहा लेकिन राख दिखाई नहीं दे रही थी।

## चीन की दुर्लभ खानिजों के निर्यात की समीक्षा प्रक्रिया में तेजी

**बीजिंग।** वैश्विक आपूर्ति शृंखला की स्थिरता को अहम मानते हुए, चीन में दुर्लभ खनिजों के निर्यात लाइसेंस की प्रक्रिया में तेजी आई है। यह काम देश के कानूनों और नियमों के मुताबिक किया जा रहा है। चीन ने कानूनी प्रकिया में कुछ निर्यात लाइसेंस आवेदनों को मंजूरी दी है और आगे भी ऐसे आवेदनों की समीक्षा और मंजूरी की प्रक्रिया को मजबूत किया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता हे याडोंग ने गुरुवार को कहा कि चीन निर्यात नियंत्रण को लेकर संबंधित देशों के साथ संवाद बढ़ाने और नियमों के तहत व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार है। दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सुरक्षा और भू-राजनी. तिक तनावों के बीच चीन पर अंतर्राष्ट्रीय नजर बढ़ी है।

## पाकिस्तान ने अरबों की ऊर्जा योजना को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के संघीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को बिजली क्षेत्र में चक्रीय ऋण (सर्कुलर डेब्ट) से निपटने के लिए 1.275 खरब पाकिस्तानी रुपये (लगभग 4.6 अरब डॉलर) की योजना को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता और निवेशकों का विश्वास बहाल करना है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह योजना स्थाई सुधार लाने के साथ राजकोषीय बोझ को कम करेगी और राष्ट्रीय बजट पर दबाव डाले बिना देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। इस बीच देश के ऊर्जा मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा है कि छह वर्षीय इस योजना को घरेलू वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से तीन महीने के कराची इंटरबैंक ऑफ़र रेट (केआईबीओआर) से 0.9 प्रतिशत कम ब्याज दर पर वित्तपोषित किया जाएगा। इसका 24 त्रैमासिक किश्तों में पुनर्भुगतान किया जाएगा। लगभग 683 अरब रुपये का उपयोग पावर होल्डिंग कंपनी की देनदारियों को पुनर्वित्त करने के लिए किया जाएगा जबकि शेष राशि स्वतंत्र बिजली उत्पादकों के लंबे समय से बकाया चुकाने के लिए इस्तेमाल की जाएगी।

## मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

### लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया, आस-पास के घरों की खिड़कियां हिल गई

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क का स्टारशिप-36 राकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समयानुसार आज यानी, 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ।

धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले राकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में राकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लान्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, राकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। इस धमाके का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि राकेट के नोज यानी, ऊपरी हिस्से से अचानक आग की लपटें निकलती हैं और फिर पूरा रॉकेट धमाके के साथ फट जाता है। स्पेसएक्स ने इस हादसे के बाद बयान जारी कर बताया कि टेस्ट साइट के आसपास पहले से ही सुरक्षा का पूरा इंतजाम था। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और आसपास के इलाकों में रहने वालों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि वो टेस्ट साइट के पास न जाएं, क्योंकि अभी भी वहां आग बुझाने और सफाई का काम चल रहा है। कैमरन काउंटी के शेरिफ आफिस और स्थानीय पुलिस ने भी पुष्टि की कि कोई घायल नहीं हुआ। फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की, लेकिन राकेट और टेस्ट साइट को हुआ नुकसान इतना ज्यादा है कि स्पेसएक्स को अब अपनी 10वीं टेस्ट फ्लाइट की योजना पर फिर से काम करना पड़ेगा।



**■ आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया: धामाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गई**

## ईराक ने किया अरब देशों के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाने का आह्वान

**बगदाद।** इराक ने क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए इस्तांबुल में होने वाले इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) सम्मेलन के दौरान अरब देशों के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाने का आह्वान किया है। इराकी विदेश मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार इराक के विदेश मंत्री फुआद हुसैन ने मिस्र के विद. ेश मंत्री बद्र अब्देलती के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह प्रस्ताव रखा। बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित बैठक का उद्देश्य तेजी से बदल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर अरब देशों की स्थिति का समन्वय करना और साझा जिम्मेदारी की भावना के साथ मौजूदा चुनौतियों का समाधान निकालना है। इसे अलावा कि दोनों पक्षों विदेश मंत्रियों ने क्षेत्र में नवीनतम घटनाक्रमों, विशेष रूप से इजरायल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष और क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता पर इसके प्रभावों पर चर्चा की। एक अलग बयान के अनुसार, हुसैन को उनके तुर्की समकक्ष हकन फिदान ने कल फोन किया।